चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 167 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26
भोपाल
10 दिसंबर 2024 मंगलवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

### मप्र के सांसदों ने अपने क्षेत्र में सरकार का फोकस बढ़ाने का आग्रह रखा

# मप्र के सत्ता-संगठन के बीच दिल्ली संवाद मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री मोदी से लंबी बात

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

भाजपा सांसदों और संगठन पदाधिकारियों को बीच देर रात तक दिल्ली में सत्ता-संगठन से जुड़े कई मामलों में लंबा विमर्श हुआ है। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। इधर सुबह मुख्यमंत्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। माना जा रहा है कि उन्होंने सरकार के एक साल के काम और इंवेस्टर्स समिट में उन्हें आने का आग्रह भी किया।

उधर रात को हुई बैठक के बारे में सूत्रों का कहना है कि चर्चा का मुख्य फोकस सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर किए जाने वाले कार्यक्रमों व जनकल्याण पर्व पर रहा और यादव व भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने एक वर्षों में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों ने कहा कि प्रमुख फैसलों, निर्णयों को दिल्ली में भी समय-समय पर सामने रखेंगे। सांसदों ने आग्रह किया कि उनके संसदीय क्षेत्रों में सरकार का फोकस और बढ़े। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास से छूटे टोले-मजरों पर ध्यान बढ़ाने की बात रखी। बैठक में मप्र के सभी केंद्रीय व केंद्रीय राज्यमंत्री, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

वीडी ने सभी सांसद सदस्यों की ओर से सरकार के कामों की सराहना की और मप्र सरकार के मजदूरों को उनका हक दिलाने, जिलों की सीमाओं का पुनर्गठन करने, नदी जोड़ो योजनाओं को जमीन पर उतराने जैसे फैसलों का उल्लेख किया और कहा कि संसदीय क्षेत्रों पर सरकार का ध्यान बढ़े। संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने लोगों को संगठन से जोड़े रखने, उनके सुझावों पर अमल करनें, कार्यकर्ताओं को समझने की बात सांसदों से कही। बैठक में



प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, सावित्री ठाकुर, केंद्रीय मंत्री जार्ज कुरियन, एल. मुरगन आदि भी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री ने बताई उपलब्धि:** बताया जाता है कि मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि मप्र को आर्थिक गति देने के लिए इंडस्ट्री कान्क्लेव को क्षेत्रीय स्तर से लेकर विदेश तक लेकर गए, जिलों की सीमाओं का नए सिरे से निर्धारण करने की दृष्टि से प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग गठित किया, मिल मजदूरों के कल्याण के लिए कदम उठाए, राजस्व महाभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा प्रत्येक विधानसभाओं का विजन दस्तावेज बनाकर काम शुरू कराए गये हैं।

## संसद में संवाद हुआ मुश्किल, हंगामा और विरोध के तेज सुर

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में गौतम अडानी को लेकर विपक्ष का हंगामा नहीं थम पा रहा है। कांग्रेस समेत विपक्षी दल अडाणी मामले पर चर्चा के लिये अडे है। आज कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी 'मोदी अडानी भाई-भाई' लिखा बैग लेकर संसद पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि सदन की कार्यवाही नहीं चल पा रही, हम डिबेट में भाग नहीं ले पा रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि सरकार चर्चा नहीं चाहती है। किसी न किसी बहाने से वो सदन की कार्यवाही को स्थगित कर रहे हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस सांसदों से कहा कि वे बहस और चर्चा में भाग लें और अच्छी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि सदन में बहस हो और मुद्दों पर बातचीत हो। वहीं प्रियंका के बैग को दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये काफी क्यूट बैग है। इधर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने फिर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तमाशा करने का आरोप लगा दिया। दरअसल सत्तापक्ष कांग्रेस के अदाणी मामले को लेकर संसद के अंदर और बाहर विरोध-प्रदर्शन से परेशान है। इसी पर रिजिजू ने सोशल मीडिया पर कहा, राहुल गांधी को तमाशा करने और प्रधानमंत्री को गाली देने में आनंद आता है। उन्हें बस यहां



तमाशा करना है और फिर अपनी छुट्टियों का आनंद लेने के लिए विदेश जाना है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता को लोगों की समस्याओं की परवाह नहीं है, क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, जबकि सपा, टीएमसी तथा राज्यसभा में सभी कांग्रेस सांसद, वास्तव में संसद की बहस और चर्चा में भाग लेने के इच्छुक हैं। यह पार्टियों विरोध से दूरः तृणमूल कांग्रेस और सपा सदस्य इस विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हो रहे हैं। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले भी कल विरोध प्रदर्शन में मौजूद नहीं थीं। इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि उन्हें संसद के शीतकालीन सत्र में भाग लेना चाहिए और अडाणी मामले पर जांच से 'डरना' नहीं चाहिए।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ के खिलाफ अविश्वास की तैयारी

इंडिया ब्लाक राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। खबरों की मानें तो अब तक इस पर 70 सदस्यों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं जबकि जरूरत 50 की होती है। अविश्वास लाने के लिए कम से कम 14 दिन पहले नोटिस दिया जाना भी जरूरी होता है, और शीतकालीन सत्र अब 20 दिसंबर तक ही चलना है।

## सिर पर सवार खून, पत्नी को गोली मारी, फिर खुद को मारा



**मुरैना, दोपहर मेट्रो**

रिटायर्ड आर्मी जवान ने आज तड़के पहले पत्नी को गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शहर के एसपी ऑफिस के सामने स्थित विक्रम नगर की है। बताया जाता है कि 45 वर्षीय देवेंद्र सिंह गुर्जर आर्मी से 5 साल पहले रिटायर हुआ और धौलपुर में वेयर हाउस पर सुरक्षा गार्ड की नौकरी में था। रात 3ः30 के करीब किसी बात पर विवाद के दौरान पत्नी से हाथापाई हुई। इसके बाद लाइसेंसी पिस्टल से 43 साल की पत्नी माधुरी गुर्जर को गोली मार दी। पास में देवेंद्र के दोनों बेटे, गौरव (16) और सौरभ(14) सोए हुए थे। देवेंद्र ने दोनों बेटों को भी गोली मारने की कोशिश की, तभी दोनों बेटे हाथापाई कर और धक्का देकर वहां से भाग निकले। इसके बाद देवेंद्र ने खुद को गोली मार ली। देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई व माधुरी ने अस्पताल में दम तोड़ा।

## रिजर्व बैंक का शक्तिकांत युग आज पूरा



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में छह साल की पारी खेलने के बाद आज शक्तिकांत दास रिटायर हो रहे हैं। उनका कार्यकाल कई मायनों में चुनौती के बीच बेहतर ही रहा। कोरोना के काल में महंगाई का कोहराम हो या फिर अन्य स्थितियों की बात,सभी को वे पूरे समय संभालते नजर आए। आज कार्यकाल के समाप्त होने पर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक 5 पोस्ट शेयर किए हैं। इनमें उन्होंने पीएम मोदी से लेकर लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पूरी आरबीआई टीम को थैंक्यू बोला है। पहले पोस्ट में उन्होंने लिखा- आज की आरबीआई गवर्नर के रूप में पद छोड़ दूंगा आप सभी का धन्यवाद दूसरी पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया और मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए थैंक्यू कहा।

## इंडिया की कमान पर लालू यादव का कांग्रेस को झटका, ममता की पैरवी

### गठबंधन का नेतृत्व बदलने के सुर तेज

**पटना, एजेंसी**

इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व को लेकर चल रही खींचतान को लेकर आरजेडी नेता लालूप्रसाद यादव ने भी बयान के जरिये कांग्रेस को झटका दिया है। यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेता चुना जाना चाहिए, कांग्रेस के विरोध का कोई मतलब नहीं है बल्कि ममता को ही नेता बनाया जाना चाहिए। लालू यादव ने जोर देकर कहा कि बिहार में होने वाले अगले चुनाव में उनकी पार्टी सत्ता में आएगी। इससे पहले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी कहा था कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी समेत इंडिया ब्लॉक के किसी भी सीनियर लीडर द्वारा गठबंधन का नेतृत्व करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इस निर्णय पर आम सहमति से पहुंचना होगा। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह कमान संभालने के लिए तैयार है। वे कह चुकी हैं कि "मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं?

## लालू के बिगड़े बोल-आंखे सेंकने जा रहे नीतीश

**पटना, एजेंसी**





आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव ने आज बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लेकर विवादित बयान दिया और नीतीश की 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर कह दिया कि -आंख सेंकने जा रहे हैं, जाने दीजिए, वो पहले आंख सेंकें फिर सरकार बनाने की सोचेंगे। ज्ञात हो कि नीतीश बिहार में महिला संवाद यात्रा निकालने वाले हैं। वहां अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। हालांकि भाजपा नेता प्रभाकर मिश्रा ने लालू के इस बयान पर आपत्ति जताई व कहा कि लालू ने ओछी टिप्पणी की है, उनके पार्टी के लोग आंख सेखने कहां कहां जाते थे? अगर यह बात खुल जाए बात तो बहुत लोग नंगे हो जाएंगे।

## मुंबई में बेस्ट की बस ने 6 की जान ली, कई गाड़ियों को कुचला



**मुंबई।** बीती देर रात मुंबई के कुर्ला इलाके में शहरी परिवहन बेस्ट की एक तेज रफ्तार बस ने बेकाबू होकर कई गाड़ियों को टक्कर मारी, बस के ड्राइवर संजय मोरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अजब बात यह है कि उसने एक दिसंबर को ही ड्राइवर के तौर पर बेस्ट की नौकरी ज्वॉइन की थी। उस पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ड्राइवर की मेडिकल जांच कराई गई है ताकि पता लगाया जा सके कि उसके खून में शराब की मात्रा है या नहीं। हालांकि पुलिस का कहना है कि वह शराब के नशे में नहीं था। उसे आज कोर्ट में पेश किया जा रहा है। यह हादसा तब हुआ जब बेस्ट की 332 नंबर की बस कुर्ला से अंधेरी जा रही थी। बेकाबू होकर कई गाड़ियों को टक्कर मारी। इस बस ने करीब 30 लोगों को कुचलते हुए एक सोसाइटी की दीवार भी तोड़ दी थी। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हुए थे। मरने वालों में तीन पुरुष और तीन महिलाएं हैं। बेकाबू बेस्ट बस ने कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया है।






**मेट्रो एंकर**

## मणिपुर मामले पर सुनवाई के दौरान सीजेआई के सख्त तेवर

# आपको बताने की जरूरत नहीं हमें सब कुछ पता है...

**नईदिल्ली.एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वह राज्य में जातीय हिंसा के दौरान पूरी तरह या आंशिक रूप से जलाये गये आवासों और संपत्तियों तथा इन पर अतिक्रमण का विवरण सीलबंद लिफाफे में रख कर सौंपे। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि संपत्तियों पर अतिक्रमण और आगजनी करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई. इस दौरान एक वकील ने निर्णायक रूप से कार्रवाई करने का आग्रह किया तो सीजेआई संजीव खन्ना ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि कोर्ट को पता है, वह न बताएं।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने राज्य से विस्थापित लोगों की शिकायतों का समाधान और उनकी संपत्तियों को वापस करने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया. बेंच ने मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से विशिष्ट विवरण प्रदान करने के लिए कहा, जैसे कि जलाए गए या आंशिक रूप से जलाए गए भवन, लूटे गए भवन, अतिक्रमण या कब्जाए गए भवन।सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि रिपोर्ट में इन संपत्तियों के मालिकों और वर्तमान में उन पर कब्जा करने वालों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए।अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की गई कानूनी कार्रवाई का ब्योरा भी दिया जाना चाहिए. बेंच ने कहा, आपको यह निर्णय लेना



होगा कि आप इससे कैसे निपटना चाहते हैं, आपराधिक कार्रवाई के जरिए या उनसे (संपत्तियों पर अतिक्रमण करने वालों से) कब्जे के उपयोग के लिए अंतरिम लाभ का भुगतान करने के लिए कहना होगा. दरअसल,अंतरिम लाभ, वह मुआवजा है जो किसी संपत्ति के वैध स्वामी को उस व्यक्ति द्वारा दिया जाता है, जिसने उस पर अवैध कब्जा कर रखा है। सीजेआई ने राज्य सरकार से कहा कि वह अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई और अनधिकृत कब्जे के लिए मुआवजे की वसूली पर निर्णय लेने में तेजी लाए. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को आश्वासन दिया कि सरकार कानून-व्यवस्था और हथियारों की बरामदगी को प्राथमिकता दे रही है। हालांकि विधि अधिकारी ने संपत्तियों के बारे में डेटा होने की बात स्वीकार की, लेकिन उन्होंने मीडिया कवरेज पर चिंताओं का हवाला देते हुए इसे खुले तौर पर प्रकट करने में अनिच्छा व्यक्त की।

### निर्णय लेने में तेजी लाए

सीजेआई संजीव खन्ना ने राज्य सरकार से कहा कि वह अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई और अनधिकृत कब्जे के लिए मुआवजे की वसूली पर निर्णय लेने में तेजी लाए. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को आश्वासन दिया कि सरकार कानून-व्यवस्था और हथियारों की बरामदगी को प्राथमिकता दे रही है. हालांकि विधि अधिकारी ने संपत्तियों के बारे में डेटा होने की बात स्वीकार की, लेकिन उन्होंने मीडिया कवरेज पर चिंताओं का हवाला देते हुए इसे खुले तौर पर प्रकट करने में अनिच्छा व्यक्त की। मेहता ने कहा, हमारे पास डेटा है, लेकिन हम इसे खुली अदालत में साझा नहीं करना चाहते. मीडिया अक्सर संवेदनशील मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है और मैंने ऐसे साक्षात्कार देखे हैं, जिनसे बचना चाहिए. सुनवाई की शुरुआत में एक वकील ने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकारों में जनता का भरोसा खत्म हो रहा है. उन्होंने अदालत से निर्णायक रूप से कार्रवाई करने का आग्रह किया. इस पर, सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा, हम स्थिति से अवगत हैं आपको हमें बताने की जरूरत नहीं है. पीठ ने याचिका पर सुनवाई अगले साल 20 जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए तय की है। पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों के राहत और पुनर्वास और उन्हें मुआवजा देने की निगरानी के लिए हाईकोर्ट की तीन पूर्व महिला जजों की एक समिति गठित करने का आदेश दिया था।

## गीता जयंती की तैयारी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। लाल परेड मैदान में गीता महोत्सव की तैयारी चल रही है। मंच सजाया जा रहा है और सफाई की जा रही है।

## वायु सुधार गुणवत्ता वाहन रैली को दिखाई हरी झंडी




भोपाल, दोपहर मेट्रो। पॉलिटेक्निक चौराहा पर नगर निगम अध्यक्ष मालती राय ने वायु सुधार गुणवत्ता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, एमआईसी सदस्य आर के सिंह बघेल, एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, सीवेज प्रभारी आरके त्रिवेदी अधिकारीगण एवम कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## छमाही परीक्षा के बाद लगी क्लास पहले दिन होगा हिंदी का पेपर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी के स्कूलों में सोमवार से छमाही परीक्षा शुरू हो गई। कक्षा नौवीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थी इसमें शामिल हुए। परीक्षा दो पालियों में हुई। पहला प्रश्नपत्र हिंदी का हुआ। परीक्षा के तुरंत बाद छात्र कक्षा में बैठे। अगले प्रश्नपत्र की तैयारी कराई गई। नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने पहला प्रश्नपत्र हिंदी का हल किया। ग्यारहवीं की बारहवीं की परीक्षा में विद्यार्थियों की संया कम थी। पहला पेपर मनोविज्ञान का था। पहली पाली में परीक्षा 9 बजे से 12 बजे तक हुई। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर डेढ़ बजे से साढ़े चार बजे तक कराई गई।

## हड़ताल



भोपाल। हमीदिया अस्पताल में कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान धरना प्रदर्शन।

## यूरोपियन बैंक के लोन से बढ़ेगा मेट्रो प्रोजेक्ट

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की 3.34 किमी अंडरग्राउंड लाइन व दो अंडरग्राउंड स्टेशन का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया, लेकिन इसके लिए पुराने शहर के आधे हिस्से का ट्रैफिक एक लेन में जरूर कर दिया। बेरिकेडिंग से बनी परेशानी और सिंगल लेन पर ट्रैफिक से प्रदूषण भी बढ़ा है। यह हिस्सा यूरोपियन बैंक से मंजूर करीब साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए के लोन की राशि से होगा। इसके लिए कारपोरेशन का बैंक से पत्राचार चल रहा है। करीब 700 करोड़ रुपए में ये हिस्सा बनेगा। अभी तो सर्वे ही किया जा रहा है। अंडरग्राउंड लाइन व स्टेशन के लिए भारी मशीनरी शहर में आएगी। इससे ही सुरंग खोदी जाएगी। अंडरग्राउंड कार्य के लिए बड़े स्तर पर काम शुरू होने की उमीद की जा रही है। अंडरग्राउंड लाइन के लिए खुदाई शुरू करने में सात से आठ माह का समय लगने की बात कही जा रही है।

### राजधानी के 22 से अधिक चौराहे रि-डिजाइन होंगे

# नए सिरे से बनेगी शहर के सुगम यातायात की कुंडली

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शहर के ट्रैफिक को दुरूस्त करने नए सिरे से ट्रैफिक कुंडली बनेगी। कलेक्टर की पहल के बाद एडीएम ने सभी एजेंसियों से प्लान लिए हैं। इसके तहत शहर के 22 से अधिक चौराहों की री-डिजाइनिंग होगी, करीब 15 सड़कों का चौड़ीकरण होगा। कई जगह ब्रिज प्रस्तावित है, लेकिन ये बड़े बजट की बात है, इसलिए यहां पर फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत सिग्नलिंग सिस्टम से लेकर चौराहों पर छोटे आइलैंड व रोड पर रोशनी व निगरानी वाले कैमरों की व्यवस्था की जाएगी। इसमें फिलहाल 100 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान लगाया है। कलेक्टर ने एडीएम को नोडल बनाकर शहर विकास की एजेंसियों की मदद से प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं।



### पांच एजेंसियों के जिमे काम

जिला प्रशासन ने एडीएम प्रकाश नायक को नगर निगम, स्मार्टसिटी, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाइवे, ट्रैफिक पुलिस से प्लान लेकन प्रस्ताव बनाने का कहा है। प्लान को नगर निगम के माध्यम से ही कंपाइल कराया गया है। चार दिसंबर को मामले में बैठक की जाएगी। यहां कंपाइल प्रस्ताव जिला योजना समिति से मंजूर करवाकर लागू किया जाएगा।

### ऐसे समझें चौराहों की री-डिजाइनिंग

- कलियासोत नहर से चूनाभट्टी थाना, शाहपुरा थाना से बावडिय़ा ब्रिज तक चार चौराहों को विकसित करने के प्रस्ताव।
- कोलार सिक्सलेन पर तीन बड़े चौराहों को विकसित करने के प्रस्ताव।
- नेहरू नगर में भदभदा की ओर चौराहा री-डिजाइनिंग व रोड दो लेन चौड़ीकरण।
- बिट्टन से लेकर दस नंबर और आगे 12 नंबर तक दो चौराहों का विकास।
- प्रभात चौराहा से अर्जुनसिंह दशहरा मैदान व स्टेशन तक तीन चौराहों की री-डिजाइनिंग।
- रायसेन रोड पर जेके रोड बिजली कॉलोनी से जेके रोड व रत्नागिरी तक रोड को दो लेन बढ़ाना, तीन चौराहा विकसित करना।
- अरेरा हिल्स पर शौर्य स्मारक से लेकर जहांगीराबाद, काली मंदिर व आगे रेलवे स्टेशन, नादरा बस स्टैंड तक चार क्रॉसिंग विकसित करना, रोड को दो लेन चौड़ा करने का प्रस्ताव।

### इन सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव

- चेतक ब्रिज से सावरकर ब्रिज तक रोड को 24 मीटर तक चौड़ाई।
- देवी अहिल्या तिराहा से ओरा मॉल तक रोड को 16 मीटर से बढ़ाकर 24 मीटर चौड़ा करना।
- गुलमोहर में बावड़िया चौराहा तक रोड चौड़ीकरण।
- प्रभात चौराहा से पुल बोगदा व आगे जहांगीराबाद तक रोड 24 मीटर तक चौड़ा करना।
- पर्यावरण परिसर से बिट्टन मार्केट व लिंक रोड तक 24 मीटर चौड़ा रोड करना।

## कोलार सिक्सलेन पर नियम विरुद्ध लगे 5 खम्बे हटाकर नए लगाए

### कांग्रेस नेता राहुल राठौड़ ने की थी शिकायत

**भोपाल।** कोलार सिक्सलेन पर फिर एमपीईबी एवं ठेकेदार कम्पनी द्वारा गलत तरीके से नियम विरुद्ध लगाए बिजली के एलटी के 5 खम्बे को हटाकर नए 5 नए खम्बे सर्वधर्म कॉलोनी मे विशाल मेगामार्ट से सुख शांति अपार्टमेंट के बीच नियमानुसार लगाए गए हैं। सिक्सलेन पर लोक निर्माण विभाग एवं एम पी ई बी द्वारा नियम विरुद्ध बिजली के खम्बे गलत तरीके से भवन एवं बिल्डिंग से सटकर एवं चिपकाकर लगाए गए थे जिसको लेकर कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौड़ ने भोपाल कलेक्टर,एमपी ईबीके एम डी एवं लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को शिकायत की थी जिसके पश्चात प्रशासन द्वारा नवरात्रि मे कोलार सिक्सलेन पर सर्वधर्म कॉलोनी सहित कोलार फोरलेन पर लगे नियम विरुद्ध बिजली के खम्बे हटाकर नए लगाए गए थे। राठौड़ ने बताया कि कोलार सिक्सलेन और कोलार फोरलेन पर कई खम्बे नियम विरुद्ध लगाए गए थे जिनको हटा दिया गया है और गलत तरीके से बिजली के इन खम्बो को लगवाने वाले लोक निर्माण विभाग एवं एम पी ई बी के दोषी अधिकारियो को हटाने की मांग मुख्यमंत्री से करेंगे।




## सूखा निपानिया में एसएचआईएम का शिविर

**हिरदाराम नगर.** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑड़ मैनेजमेंट ने अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ के सहयोग से संस्थान के द्वारा गोद लिए गए गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। ग्राम पंचायत सूखा निपानिया में यूनिसेफ की माइक्रो-न्यूट्रिएंट कोऑर्डिनेटर डॉ. शिखा तोमर ने छात्र-छात्राओं को पोषक आहार के बारे में विस्तार से बताया एवं संतुलित आहार का महत्त्व समझाया। उन्होंने ऐनीमिया के बारे में भी सभी को महत्वपूर्ण जानकारी दी। 170 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में गाँव की छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं अपनी प्रतिभा को पोस्टर के रूप में प्रदर्शित किया। शिविर के अंत में पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## मार्च तक पूरा होगा एफओबी, सर्विस लेन निर्माण का निरीक्षण किया




### व्यापारियों की रोजी रोटी का ख्याल रखने का दिलाया भरोसा

**हिरदाराम नगर. एजेंसी**

फाटक रोड पर सर्विस लेन के लिए चल रही तोड़फोड़ के बीच विधायक रामेश्वर शर्मा ने सोमवार को कार्य की प्रगति का जायजा लिया। पहले से तय दोनों ओर 14-14 फिट सर्विल लेन बनाए जाने एवं मार्च तक ब्रिज निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा ने भरोसा दिलाया कि फाटक रोड के व्यापारियों की रोजी रोटी का पूरा ख्याल रखा जाएगा। बता दें संतनगर की दशकों पुरानी रेलवे फाटक पर अटकने की समस्या का निदान पूरा होने का वक्त आ गया है। लोक निर्माण विभाग की सेतु शाखा ने अपने हिस्से का ब्रिज का निर्माण फाटक के इस पार और उस पार पूरा कर लिया है। केवल सर्विस लेन का निर्माण बचा हुआ है, जिसके लिए दोनों ओर दुकानों के हिस्से को हटाने का काम शुरू हो गया है। मार्च 2025 तक ब्रिज से यातायात शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। ब्रिज के निर्माण की प्रगति देखने के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्विस रोड के लिए जगह को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। बताया गया कि पहले तय दोनों ओर 14-14 फिट सर्विस लेन बनाई जाएगी।

**रोजी रोटी का रखा जाएगा ख्याल:** शर्मा ने कहा तोड़ फोड़ से प्रभावित होने वाले व्यापारियों की रोजी रोटी का ध्यान रखा जाएगा। बता दे ब्रिज निर्माण शुरू होने से पहले से व्यापारियों को ब्रिज नीचे कारोबारी की बात कही जा रही थी, जो व्यापारियों के एक राय न होने से बीच में प्लान से बाहर हो गई थी, लेकिन अधिकारी इस बात के संकेत दे रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, भाजपा नेता विकास मारण व अन्य लोग मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### संत कॉलेज में पांच दिवसीय फैकल्टी प्रोग्राम

## शिक्षण विधियों और नवाचार से अवगत हो रहे टीचर्स

**हिरदाराम नगर. एजेंसी**

उच्च शिक्षा में शिक्षकों की क्षमता को उन्नत करने और नई शिक्षण रणनीतियों से परिचित कराने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में महाविद्यालय की आई क्यूएसी सेल और जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर संयुक्त रूप से प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। उद्घाटन सत्र में प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षण जगत में उत्कृष्टता लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पांच दिवसीय प्रोग्राम शिक्षण विधियों और नवाचारों को समझने और उन्हें प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शिक्षकों को एक मंच प्रदान करेगा। प्रथम सत्र विषय विषेषज्ञ डॉ. रोमी सैनी ने शिक्षकों के साथ अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा की। उन्होंने 'पेडागोजीकल इनोवेशनस एंड इफेक्टिव टीचिंग स्ट्रैटेजिस' पर चर्चा करते हुए नवीन और प्रभावी शिक्षण विधियों को लागू करने की आवश्यकता तथा इसके सतत मूल्यांकन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षक को सहस्त्रबाहु के समान होना चाहिए। आज नवीन विधीयां अपनाने का समय है। आपने पेडागॉजी की आवश्यकता, सीसीई के नए तरीके, क्लास एक्टीविटी, छात्रों की रचनात्मकता को बड़ाना, स्वयं का आकलन आदि पर विस्तार से बात की। द्वितीय सत्र में प्रोफेसर सैनी ने 'करिकुलम डिजाइन और इवोल्यूशन फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस' विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और पाठ्यक्रम का निर्माण ही छात्रों की संपूर्ण विकास यात्रा को मजबूत बनाता है। अपनी विशेषज्ञता के साथ, डॉ. रोमी सैनी ने स्पष्ट शिक्षण उद्देश्यों के महत्व पर जोर दिया, जो शिक्षण विधियों और छात्र परिणामों में सुधार करते हैं। सत्र के दौरान चैट जीपीटी प्रॉम्प्ट पर एक व्यावहारिक गतिविधि कराई गई, जिसमें प्रतिभागियों को एआई का उपयोग करके पाठ योजनाएँ तैयार करने, कक्षा में सहभागिता बड़ाने, और व्यक्तिगत छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के तरीकों का अन्वेषण करने का अवसर मिला। इस इंटरैक्टिव अभ्यास ने प्रतिभागियों की जिज्ञासा का समाधान किया। सत्र के अंत में, सैनी ने एक प्रश्नोत्तर खंड आयोजित किया, जिसमें शिक्षकों को अपने संदेह स्पष्ट करने और अपने दृष्टिकोण साझा करने का मंच मिला। उनके विचारशील उत्तरों ने प्रतिभागियों की समझ को और गहरा किया और उन्हें उद्देश्यपूर्ण शिक्षण और चैट जीपीटी जैसे एआई उपकरणों को अपने शिक्षण में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।



# आकांक्षा योजना: उज्जैन, खंडवा में भी जनजातीय विद्यार्थियों को मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा

## जनजातीय विद्यार्थियों को कराई जाएगी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखंडों के विद्यार्थियों को आकांक्षा योजना योजना का लाभ दिलाने की मंशा से अब इस योजना का विस्तार किया जा रहा है। आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के संदर्भ में तैयार की जा रही संशोधित कार्य योजना (डीपीआर) में इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर संभागीय मुख्यालय के अलावा उज्जैन संभागीय मुख्यालय एवं खण्डवा जिला मुख्यालय में भी जनजातीय विद्यार्थियों को भी तीनों राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग दिलाई जायेगी।

जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने यह जानकारी के देते हुए बताया कि आकांक्षा योजना में वर्तमान में कुल 800 जनजातीय विद्यार्थियों को तीन संभागीय मुख्यालय भोपाल, इन्दौर एवं जबलपुर में कोचिंग दिलाई जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 में 2 करोड़ 32 लाख 12 हजार रुपए व्यय कर 728 जनजातीय विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। योजना की सफलता को देखते हुये मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर की इन तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सीटों और कोचिंग के लिये सेंटर्स की संख्या में भी विस्तार किया जा रहा है। संशोधित आकांक्षा योजना में विद्यार्थियों को पृथक छात्रावास भवन की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी है। इस संशोधित योजना की शासन से स्वीकृति ली जा रही है।



**यह है अकांक्षा योजना:** जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर अपना भविष्य संवारें, इस उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार ने आकांक्षा योजना प्रारंभ की है। इस योजना में जेईई, नीट, क्लेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर संभागीय मुख्यालय में जनजातीय विद्यार्थियों को फ्री-कोचिंग दी जाती है।

**वर्ष 2025-26 के लिए हुआ विस्तार:** वित्त वर्ष 2025-26 के लिये आकांक्षा योजना की प्रस्तावित संशोधित कार्ययोजना में जेईई परीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर में 100, भोपाल में 400, जबलपुर में 100, उज्जैन में 100 एवं खंडवा में 100, कुल 800 विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। नीटपरीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर में 200, भोपाल में 100, जबलपुर में 100, उज्जैन में 100 एवं खंडवा में 100, कुल 600 विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। इसी प्रकार क्लेट परीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर में 50, जबलपुर में 200 एवं खंडवा में 50, कुल 300 विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी।

### विद्यार्थियों को मिलेंगे टैबलेट, डेटा प्लान भी सरकार देगी

अब सभी ट्राइबल ब्लॉकों में जनजातीय विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग का लाभ देने के लिये योजना की संशोधित डीपीआर तैयार कर ली गई है। जनजातीय वर्ग के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा की ठोस चिंता करते हुए राज्य सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में सीएम राइज स्कूलों के निर्माण के लिये 667 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया है। इस वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये सरकार ने 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालयीन छात्रवृत्ति के लिये 500 करो? रूपये प्रावधान किया है। नि:शुल्क कोचिंग के साथ सरकार जनजातीय विद्यार्थियों को टैबलेट भी देगी। टैबलेट के लिये डेटा प्लान भी सरकार नि:शुल्क उपलब्ध करायेगी। योजना के लिये सरकार ने बजट में 10.42 करो? रूपये आरक्षित किये हैं।

## श्रीभगवत गीता पर केन्द्रित क्विज प्रतियोगिता में 6 लाख विद्यार्थी हुए शामिल

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के मौके पर स्कूल शिक्षा विभाग ने इस्कॉन के सहयोग से स्कूल के विद्यार्थियों की श्रीभगवत गीता पर केन्द्रित क्विज प्रतियोगिता 26 से 29 नवम्बर तक आयोजित की गयी। इसमें शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के 6 लाख विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यालयों में यह प्रतियोगिता ऑनलाइन हुई। शाला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक जिले से 4-4 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर पर किया गया। योजना में चयनित विद्यार्थियों में से लेवल-2 पर 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रथम स्थान पर 2 विद्यार्थियों को एक-एक लाख रूपये, द्वितीय स्थान पर चयनित एक विद्यार्थी को 51 हजार रूपये और तृतीय स्थान पर चयनित 2 विद्यार्थियों को 21-21 हजार रूपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 दिसम्बर को गीता जंयती पर उज्जैन में गीता महोत्सव में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगे। समारोह में विजेता विद्यार्थी श्रीभगवत गीता के महत्वपूर्ण बिंदुओं और संदेशों पर विचार व्यक्त करेंगे।

## कैबिनेट बैठक आज, 15 हजार करोड़ के सप्लीमेंट्री बजट को मिल सकती है मंजूरी

### 16 दिसंबर से शुरू होना है विधानसभा सत्र

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले मंगलवार शाम को होने वाली कैबिनेट बैठक में सप्लीमेंट्री बजट अनुमोदन के लिए लाया जा सकता है, जो कि 10 से 15 हजार करोड़ तक का हो सकता है। इसके अलावा कुछ संशोधन विधेयक लाए जा सकते हैं। यह बैठक शाम को 6.30 बजे से प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है। जिसमें सप्लीमेंट्री बजट पेश किया जाना है। सरकार ने इस सप्लीमेंट्री बजट पर कई दौर की चर्चा कर ली है। मुख्य सचिव अनुराग जैन के कार्यकाल में तैयार होने वाला यह पहला बजट होगा, हालांकि यह सप्लीमेंट्री है, समग्र बजट अगले सत्र में आएगा।

**बजट में चार वर्गों के लिए किए जा सकते हैं अलग से प्रावधान:** सप्लीमेंट्री बजट में युवा, महिला, किसान व गरीब इन चार वर्गों के कल्याण के लिए अलग से प्रावधान किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन वर्गों के लिए 15 अगस्त को अलग–अलग मिशन शुरू करने की घोषणा की थी।

## सीहोर, विदिशा व सीएम के गृह जिले उज्जैन समेत 23 जिलों में उच्च जोखिम वाले टीबी मरीज

### इन्हें उच्च जोखिम से बाहर निकालने 100 दिवसीय कार्य योजना पर काम शुरू



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

भोपाल संभाग के सीहोर, विदिशा और सीएम के गृह जिले उज्जैन समेत प्रदेश के 23 जिलों में उच्च जोखिम वाले टीबी मरीज मिले हैं। ये मरीज टीबी की बीमारी से अन्य मरीजों की तुलना में अधिक जोखिमों से जूझ रहे हैं। ऐसे सभी मरीजों को इस जोखिम से बाहर निकालने के लिए शनिवार से विशेष अभियान शुरू किया है, जिसमें इन मरीजों की विशेष देखभाल की जाकर इन्हें राहत दी जाएगी। इन जिलों में नि-क्षय अभियान शुरू किया है, उनमें नरसिंहपुर, दतिया, सिंगरोली, डिन्डौरी, खण्डवा, कटनी, अनूपपुर, अलीराजपुर, जबलपुर, हिंसा, नीमच, रतलाम, मंदसौर, छतरपुर, उज्जैन, सीधी, श्योपुर, बैतूल, छिन्दवाड़ा, दमोह, मंडला एवं सिवनी भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि वर्ष-2015 से 2023 तक टीबी के मामलों में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। यह दर वैश्विक गिरावट 8.3 प्रतिशत से दोगुना से भी अधिक है। जबकि मप्र में वर्ष 2015 में टीबी से होने वाली मृत्यु दर प्रति 1 लाख जनसंख्या पर 28 थी, जो वर्ष 2023 में घटकर 22 हो गई है। वर्ष 2025 तक इसे घटाकर मात्र 3 तक लाने का लक्ष्य है।

### 347 जिलों में एक साथ अभियान शुरू

सभी राज्यों के 347 जिलों में यह अभियान एक साथ शुरू किया है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के तहत सभी देशों ने वर्ष-2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। जबकि केन्द्र सरकार ने वर्ष-2025 तक यह लक्ष्य हासिल करने की कार्ययोजना बनाई है और उस पर काम भी शुरू कर दिया है।

## 9306 स्कूलों में चल रहे उमंग कार्यक्रम में बच्चों को दी जा रही जीवन कौशल की शिक्षा

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के 9 हजार 306 स्कूलों में हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम संचालित कर रहा है। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान, माध्यमिक शिक्षा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संयुक्त रूप से मिलकर उमंग कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उमंग कार्यक्रम का उद्देश्य हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र और छात्राओं में बेहतर जीवन कौशल विकसित करना है। उमंग कार्यक्रम के मॉड्यूल में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, पोषण, जेण्डर, हिंसा, कम उम्र में विवाह, यौन उत्पी?न और शोषण, घरेलू हिंसा, साइबर सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों को शामिल किया गया है। उमंग कार्यक्रम से 21 लाख छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। उमंग कार्यक्रम के जरिये स्कूल में प?ने वाले छात्रों में ल?कियों और महिलाओं के प्रति सम्मान विकसित करने के उद्देश्य से यूएनएफपीए के सहयोग से 10 पोस्टर निर्मित किये गये हैं। यह पोस्टर्स ल?कों में नारी के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उमंग कार्यक्रम की प्रदेश में प्रशंसा भी हुई है और इसे पुरस्कृत भी किया गया है। उमंग कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के बाद विभाग ने प्रशिक्षण मार्गदर्शिका पुस्तक ÷उज्जवल'' तैयार की है। इसके माध्यम से स्कूल में प?ने वाले छात्रों की सोच में सकारात्मक बदलाव के लिये ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। छात्रों को पुरुषत्व के सही मायनों के बारे में बताया जा रहा है। इस मार्गदर्शिका का परीक्षण प्रदेश के डिण्डोरी, बैतूल, गुना एवं भोपाल जिलों में कक्षा-9 से 12वीं के विद्यार्थियों के साथ किया गया है।

## उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री ने लिखा पत्र

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

लिपिकों से जुड़े एक मामले में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उनका समर्थन करते हुए सहायक ग्रेड-3 के कर्मचारियों के लिए सीपीसीटी परीक्षा पास करने की अनिवार्यता खत्म करने की शर्त की जगह दूसरा विकल्प दिए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लोटशीट लिखकर यह आग्रह किया है। असल में मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की ओर से उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर बताया था कि उक्त श्रेणी के तहत अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले कर्मियों के पास कम्प्यूटर आधारित सीपीसीटी प्रमाण पत्र नहीं है। उम्र के साथ अब ज्यादातर कर्मचारी उक्त प्रमाण पत्र हासिल करने की स्थिति में भी नहीं है तब भी विभाग ने उक्त अनिवार्यता की शर्त शामिल कर रखी है। साथ में चेतावनी भी दी है कि उक्त परीक्षा पास नहीं की स्थिति में सेवा समाप्त कर दी जाएगी।




## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

E-mail id-mobhopal@gmail.com

क्रमांक / 2474/खनिज / 2024 — भोपाल, दिनांक 4/12/2024

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,**

### प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रथम स्टोन क्रेशर पार्टन श्री राहुल नागर पता-39-के बकानिया तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 15.11.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 20.12.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायगे हैं।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | बरखेडा सालम | 28 (एस) | 3.000 हेक्ट | शासकीय | यांत्रिकी क्रिया गिट्टी बनाने के लिये पत्थर (अर्थात् क्रेशर के उपयोग हेतु) | -- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-19958/24 — सहा. खनि आधिकारी जिला भोपाल, म.प्र.

## संपादकीय

# पुरानी चुनौतियों के बीच

कई आर्थिक चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर का कार्यकाल भी चुनौती पूर्ण होने वाला है। कल ही केंद्र सरकार ने राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त किया है। वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास का कार्यकाल आज मंगलवार को समाप्त हो रहा है। मल्होत्रा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और उन्होंने प्रिंसटन विश्वविद्यालय से लोक नीति में स्नातकोत्तर की डिग्री ली है। वह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1990 बैच के अधिकारी हैं। दास के कार्यकाल में सरकार और रिजर्व बैंक के बीच किसी तरह का मतभेद नजर नहीं आया। बहरहाल, बजट निर्माण की प्रक्रिया चल रही है और वित्त मंत्रालय को जल्दी ही मल्होत्रा के स्थान पर किसी को नियुक्त करना होगा। विगत छह वर्षों का दास का कार्यकाल देश की अर्थव्यवस्था और रिजर्व बैंक दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा और इसकी प्रमुख वजह रही कोविड महामारी। रिजर्व बैंक को आपातकालीन उपाय अपनाने पड़े और यह भी सुनिश्चित करना पड़ा कि वित्तीय व्यवस्था मजबूत बनी रहे। रिजर्व बैंक ने महामारी के दौरान और बाद में भी कई कदम उठाए लेकिन नीतिगत और वित्तीय स्थिरता के लिहाज से दो क्षेत्र ऐसे रहे जिन पर चर्चा की जा सकती है।पहली बात तो यह कि रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति को लक्षित करने वाला केंद्रीय बैंक है। हालांकि नीतिगत ब्याज दर तय करने की जिम्मेदारी अब छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की भी है लेकिन किसी भी गवर्नर का कार्यकाल आंशिक तौर पर इस आधार पर भी आंका जाएगा कि उसने मुद्रास्फीति का प्रबंधन किस प्रकार किया। यह तर्क उचित है कि पिछले कुछ वर्षों में रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति को कम करके आंका। हालांकि एक बार जब उसने नीतिगत सख्ती आरंभ की तो उसे समय से पहले वापस न लेकर अच्छा किया। एमपीसी की इच्छा है कि इंतजार करके अवस्फीति की प्रक्रिया को पूरा होने दिया जाए। दूसरा है बाहरी क्षेत्र का प्रबंधन। महामारी के दौरान आरंभिक स्थिरता के बाद जब बड़े वैश्विक केंद्रीय बैंकों ने व्यवस्था में नकदी डालना शुरू किया और नीतिगत दरों को शून्य के करीब ले गए तो भारत में भी पूंजी की भारी आवक हुई। रिजर्व बैंक ने अतिरिक्त प्रवाह की खपत करके अच्छा किया। भारी भरकम विदेशी मुद्रा भंडार ने 2022 में उस समय मदद की जब अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति से निपटने के लिए नीतिगत ब्याज दर में इजाफा कर दिया। वैश्विक मुद्रा बाजारों में भी भारी अस्थिरता देखने को मिली। हालांकि भारतीय रुपये में इस अवधि में काफी गिरावट आई लेकिन उसका असर सीमित रहा क्योंकि रिजर्व बैंक ने समय से हस्तक्षेप किया। बाहरी मोर्चे पर स्थिरता बनाए रखना बीते कुछ सालों में रिजर्व बैंक का एक प्रमुख काम रहा है। कुछ अर्थशास्त्री कह चुके हैं कि रुपया बहुत स्थिर है। यकीनन इसका अधिमूल्यन रहा है जो कारोबार योग्य क्षेत्रों में इसकी प्रतिस्पर्धी क्षमता पर असर डाल सकता है।

## बेरोजगारी का संकट

# रोजगार के आंकड़ों के पीछे छिपे अंधेरे की हो पड़ताल

■ सुरेश सेठ

आम लोग जिन मूल समस्याओं से दशकों से जूझ रहे हैं, उनके समाधान का संकल्प नेताओं द्वारा बार-बार लिया जाता है। बावजूद इसके, समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। भ्रष्टाचार को शून्य स्तर पर लाने की बात केंद्र हो या राज्य सरकार, इसे अपनी प्राथमिकता बताता है। फिर भी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के प्रयास विफल साबित हुए हैं। देश में भूख मिटाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन दुया के हंगर इंडेक्स में हमारा दर्जा अभी भी निचले पायदान पर है। सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। लेकिन रोजगार के नाम पर उनके सामने केवल अनुकंपों का ही बोझ लादा जाता है। लेकिन रोजगार की गारंटी उनके लिए अनुपलब्ध रहती है।

आज छात्रों को जो शिक्षा शिक्षण संस्थानों से प्राप्त होती है, वह आज के डिजिटल और कृत्रिम मेधा के युग में पूरी तरह से असंबद्ध प्रतीत होती है। उनकी डिग्रियां नई तकनीक और डिजिटल श्रेणियों के सामने कोई मूल्य नहीं रखतीं। जहां कृत्रिम मेधा और इंटरनेट जैसी नई तकनीकों के कारण नौकरियां उत्पन्न हो रही हैं, वहां हमारे नौजवानों के पास उचित शिक्षण और प्रशिक्षण की कमी है। इसके परिणामस्वरूप, छोटी नौकरियों के लिए भी हजारों पढ़े-लिखे युवा अपनी पुरानी डिग्रियों को बेकार पाते हैं। नौकरी के लिए भेजे गए उनके आवेदन पत्रों का कोई सार्थक उत्तर नहीं मिलता। दूसरी ओर, बदलती दुनिया में रोबोट तकनीक, इंटरनेट की नई उड़ान और कृत्रिम मेधा का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। लेकिन इन बदलावों के लिए हमारे नौजवान योग्य नहीं हैं, क्योंकि उन्हें इस नई तकनीकी दुनिया के अनुकूल शिक्षण और प्रशिक्षण नहीं दिया गया।




संसद के शीतकालीन सत्र की परिणति भी पूर्ववर्ती सत्रों जैसी ही प्रतीत होती है–विपक्ष के हंगामे और कोलाहल के बीच उनकी मांगों को नजरअंदाज कर काम न चलने देने के आरोप लग रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसा द्वंद्व युद्ध, जिसमें कुछ भी सार्थक नहीं होता। हर सत्र में यह स्थिति दोहराई जाती है। कोई यह सवाल नहीं उठाता कि बेरोजगारी को समाप्त किया जाए, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाए या लालफीताशाही और दफ्तरी जटिलताओं से आम आदमी को राहत दी जाए। आम आदमी वैश्विक खुशहाली के पायदान पर बहुत निचले दर्जे में दर्ज है। हालांकि, सरकारी आंकड़े इसका उल्टा बताते हैं। सरकारी दावे हैं कि बेरोजगारी की दर लगातार कम हो रही है। लेकिन ये आंकड़े वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। सरकारों द्वारा निर्धारित रोजगार के मानकों से वास्तविक बेरोजगारी के आंकड़े प्रभावित होते हैं। यही वजह है कि नौकरी की तलाश के लिए कई बार सरकारी रियायतें और अनुकंपा योजनाओं का सहारा लिया जाता है। इसका परिणाम यह हुआ है कि धीरे-धीरे देश में शॉर्टकट और मुफ्तखोरी की संस्कृति पनपने लगी है।

सरकार का दावा है कि रोजगार कार्यालयों की खिड़कियों पर नौकरी मांगने वालों की संख्या घट गई है, जिसका अर्थ यह है कि बेरोजगारी की समस्या किसी हद तक कम हुई है। नौकरी मांगने वालों की संख्या भले ही घट गई हो, लेकिन रियायत बांटने वाले केंद्रों पर उनकी संख्या बढ़ गई है। वहां इनकी कतारें लगातार लंबी होती जा रही हैं। चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ दल हो या विपक्ष, उनके घोषणापत्रों में सबसे बड़ा मुद्दा यह होता है कि कौन अधिक से अधिक अनुकंपा योजनाएं ला सकता है। बेरोजागरी के आंकड़ों के बीच पूरे देश में कई सरकारी पद खाली पड़े हैं। इन पदों को भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से भरा जाता है। परंतु भर्ती परीक्षाओं की स्थिति भी चिंता का विषय है। पेपर लीक और परीक्षार्थियों की शिकायतें संकेत करती हैं कि योग्यता का सही मूल्यांकन नहीं हो पाता। आंकड़े बताते हैं कि पिछले छह वर्षों में 18 राज्यों में 60 से अधिक भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए।

अब देश में गिग अर्थव्यवस्था का भी सूत्रपात हो रहा है। इसमें किसी विशेष कार्य के लिए अस्थायी कर्मचारियों की भर्ती की जाती है, जिन्हें कुछ समय बाद नौकरी से निकाल दिया जाता है। वहीं वर्क फ्रॉम होम स्वरोजगार को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। हालांकि, यह भी सच है कि ऐसे स्वरोजगार करने वाले लोगों की संख्या सीमित है। निजी क्षेत्र में नौकरी करने वाले कर्मचारी वेतन और अन्य सुविधाओं के मामले में बहुत दयनीय स्थिति में हैं। देश की आधी महिलाएं घरेलू कार्यों में लगी हुई हैं, और कई नौजवान पुश्तैनी खेती में ही अपना समय बिता रहे हैं। लेकिन उन्हें कोई अतिरिक्त वेतन नहीं मिलता। देश में करीब 58 प्रतिशत लोग स्वरोजगार या छुपे बेरोजगार हैं, जबकि नौकरीपेशा केवल 22 प्रतिशत हैं। इस प्रकार, देश में बेरोजगारी की समस्या का सही समझना और समाधान करना बहुत कठिन है। आंकड़ों की बाजीगरी समस्या का समाधान नहीं होगा। आंकड़ों के पीछे छिपे अंधेरे की पड़ताल हो।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# भाजपा ने ईवीएम नहीं, दिल व दिमाग हैक करने की कला में महारत हासिल की

■ मीनाक्षी लेखी

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) चुनाव हारने वालों के लिए डिफॉल्ट रूप से फसाने का साधन बन गई हैं. पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने एक जनहित याचिका पर टिप्पणी की, 'अगर आप चुनाव जीतते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की जाती. जब आप हारते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ की जाती है' ।महाराष्ट्र चुनाव में पार्टी की बुरी हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने फिर से अपनी शिकायती बयानबाज़ी शुरू कर दी है, उन्होंने राहुल गांधी से ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू करने का आग्रह किया है – इस विषय पर मेरे कॉलम के एक अन्य प्रतिष्ठित अखबार में प्रकाशित होने के बमुश्किल छह महीने बाद।इस नाटक के चलते हुए मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी अधिनियम की धाराओं के तहत सैयद शुजा नामक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के लिए एफआईआर दर्ज की है, जो विदेश में कहीं छिपे हुए अपने ठिकाने से बार-बार आरोप लगाता है कि वो भारत की स्वदेशी ईवीएम को हैक कर सकता है।लेकिन क्या ईवीएम सचमुच एक समस्या है? सारे सबूत इसके विपरीत कहते हैं।

भारत के निर्वाचन आयोग की वेबसाइट ईवीएम को एक ऐसे टूल के रूप में परिभाषित करती है जिसका उपयोग चुनावों में डाले गए वोटों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिकॉर्ड करने और गिनने के लिए किया जाता है. भारतीय ईवीएम प्रणाली, जिसे ईसीआई-ईवीएम कहा जाता है, को विशेष रूप से भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा तैयार की गई प्रक्रियाओं और नियमों के अनुसार चुनावों के लिए डिज़ाइन, निर्मित और उपयोग किया जाता है।इन मशीनों को दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) – रक्षा मंत्रालय के तहत भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) द्वारा स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित किया जाता है – जिनकी निगरानी ईसीआई द्वारा नियुक्त तकनीकी विशेषज्ञ समिति द्वारा की जाती है। अन्य देशों में उपयोग की जाने वाली ईवीएम के विपरीत, एम3 मॉडल ईसीआई-ईवीएम और वीवीपीएटी (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) की तकनीकी विशिष्टताओं में कहा गया है कि वह नॉन-नेटवर्क वाली, इंटर्नल बैटरी से चलने वाली स्टैंड-अलोन यूनिट हैं. इंटरनेट या ब्लूटूथ या वाईफाई जैसी कनेक्टिविटी सुविधाओं तक पहुंच न होने के कारण, किसी भी नेटवर्क-आधारित विधियों के ज़रिए से इन ईवीएम में हेरफेर करना असंभव है। हर ईवीएम को एक स्टैंड-अलोन डिवाइस के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक साधारण कैलकुलेटर के बराबर है. इसमें कोई बाहरी पावर सोर्स नहीं है, क्योंकि यह ब्बरुद्वारा स्थापित इंटर्नल बैटरी से चलता है. यह डिज़ाइन सुनिश्चित करता है कि ईवीएम को संशोधित करना व्यावहारिक रूप से असंभव है।

ईसीआई ने 2009 और 2017 में दो बार खुली चुनौती दी है कि सभी राजनीतिक दल लेक्चर डेमो में शामिल हों और अपने हैकर एक्सपर्ट को भी साथ लेकर आएं. चुनौती स्वीकार करने वाली पार्टियों को सफलता नहीं मिली। हाल ही में एक लेख में साइबर विशेषज्ञ और आईपीएस अधिकारी बृजेश सिंह ने एम3 मॉडल ईवीएम को हैक करने की संभावना का जोरदार खंडन किया, जिसमें बताया गया कि डिस्प्ले यूनिट 'केवल आउटपुट-ओनली है और इसमें इनपुट क्षमता नहीं है'. ईवीएम में इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक शील्डिंग के



ज़रिए भी हेरफेर नहीं किया जा सकता क्योंकि उन्हें 6 टेस्ला मैगनेटिक किरणों का सामना करने के हिसाब से तैयार किया गया है, जो उन्हें एमआरआई मशीनों से अधिक मजबूत बनाता है। निर्माण के बाद अपडेट करना कोई ऑप्शन नहीं है क्योंकि प्रोग्राम एक चिप में एम्बेडेड है जिसमें किसी भी बदलाव की गुंजाइश नहीं है. बाहरी पोर्ट की कमी हैकिंग के 'सॉफ्टेवेयर अपडेट' सिद्धांत को और भी कमज़ोर कर देती है. मेमोरी को AES-256 का उपयोग करके एन्क्रिप्ट किया जाता है – एक 'उन्नत एन्क्रिप्शन मानक' जिसका इस्तेमाल अमेरिकी सरकार द्वारा वर्गीकृत डेटा को सुरक्षित करने के लिए किया जाता है – और इसे एक मेमोरी कम्पार्टमेंट में फिजिकल रूप से सिक्योर किया जाता है, जो टेम्पर-प्रूफ सील से ढका होता है. इन सीलों के साथ छेड़छाड़ करने के किसी भी प्रयास का तुरंत पता लगाया जा सकता है. मशीनों में एक डेडमैन स्विच भी लगा होता है जो छेड़छाड़ का प्रयास करने पर ईवीएम को निष्क्रिय और बेकार कर देता है। इसके अलावा, रिमोट कनेक्टिविटी की कमी – कोई WiFi, ब्लूटूथ आदि नहीं – ईवीएम को हैक करना लगभग असंभव बना देता है. इसके अलावा हर ईवीएम की फिजिकल हैंडलिंग निर्माण के बाद कई कठोर सेफ्टी चैक से गुज़रती है।

किसी अज्ञात देश में राजनीतिक बयानबाजी के पीछे छिपकर, सैयद शुजा भारत के ईवीएम को हैक करने की अपनी क्षमता के बारे में बेबुनियाद दावे कर रहा है. निहित स्वार्थी तत्व खुशी-खुशी इस निराधार बयानबाजी को बढ़ावा दे रहे हैं. ईवीएम की फ्रिक्वेंसी को बदलकर उन्हें हैक करने का दावा करने वाले पुराने वीडियो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रहे हैं, जो हाल ही में महाराष्ट्र चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद फिर से सामने आने लगे हैं।शुजा ने कथित तौर पर गणित में पीएचडी की है और वह बीईएल का पूर्व कर्मचारी होने का दावा करता है, जहां उसने ईवीएम पर काम किया था. इंडिया टुडे द्वारा किए गए एक स्टिंग ऑपरेशन के दौरान, शुजा ने संकेत दिया कि ईवीएम को हैक करने की उसकी कथित क्षमता के कारण उसे अमेरिका में शरण दी गई थी. हालांकि, हैदराबाद के उन विश्वविद्यालयों में उसके जाने का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, जिन्हें वह अपना अल्मा मेटर बताता है. आज तक, शुजा अपने दावों को पुष्ट करने या भारत की नॉन-नेटवर्क मशीनों के साथ छेड़छाड़ करने की अपनी क्षमता का ठोस सबूत नहीं दे पाया है. 2019 में, जब आखिरी बार शुजा ने इसी तरह के आरोप लगाए थे, तब भी कुछ साबित नहीं हुआ था.जब नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर चुनावों में 90 में से 48 सीटें जीतीं और उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश किया, तब ईवीएम से छेड़छाड़ या फिर बैलेट पेपर पर वाले पुराने ढर्रे पर वापस लौटने की मांग की कोई बात नहीं हुई. यह तब हुआ, जब भाजपा को कुल वोटों का 25.5 प्रतिशत वोट मिला, जबकि एनसी को 23.4 प्रतिशत वोट मिले. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तब ईवीएम को हटाने की मांग नहीं की थी।

जब पंजाब ने 2024 में भगवंत मान की क्क सरकार को वोट दिया, तब भी विपक्ष ईवीएम से छेड़छाड़ पर अजीब तरह से चुप रहा. इसके विपरीत, 2017 के पंजाब चुनावों में आप के खराब प्रदर्शन के बाद, उसके नेता अरविंद केजरीवाल ने ईवीएम से बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया था।हरियाणा में भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस की ओर से भी इसी तरह की आवाज़े निकलीं। क्या आप इस साजिश को समझ गए? जहां ईवीएम में 99 प्रतिशत बैटरी थी, वहां भाजपा जीत गई. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया था कि जहां 70 प्रतिशत से कम बैटरी थी, वहां कांग्रेस जीत गई. अगर यह साजिश नहीं है, तो क्या है? फिर भी, जब झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली जेएमएम जीती, तो विपक्ष इस विषय पर स्पष्ट रूप से चुप था। इस पैटर्न को सारांशित करते हुए 26 नवंबर के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की: 'जब चंद्रबाबू नायडू हार गए, तो उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है. अब इस बार, जगन मोहन रेड्डी हार गए, उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है।' जून में न्यू इंडियन एक्सप्रेस में इसी विषय पर मेरे लेख में इस बात को उठाया गया था कि हमारा देश दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जिसके पास 969 मिलियन रजिस्टर्ड वोटर्स हैं – यह संख्या दुनिया के अगले पांच सबसे बड़े लोकतंत्रों के संयुक्त मतदाता आधार से कहीं अधिक है. बार-बार झूठ बोलना और हमारे आजमाए हुए ईवीएम पर संदेह करना 1.05 करोड़ मतदान कर्मचारियों, 30 लाख सुरक्षा कर्मियों और 55 लाख ईवीएम की ईमानदारी का अपमान नहीं है. ऐसी प्रणाली में हेरफेर करने के लिए जिस पैमाने पर हैकिंग या छेड़छाड़ की ज़रूरत होगी, वह दिमाग हिला देने वाला है। इस पुराने नैरेटिव पर जोर देने के बजाय, कांग्रेस को लोगों के दिमाग को हैक करने का तरीका खोजने पर फोकस करना चाहिए. ईवीएम हैकिंग का यह नैरेटिव उतना ही पुराना है, जितना कि कांग्रेस पार्टी का मतदाताओं से जुड़ाव। असली मुद्दा यह है कि कांग्रेस को यह नहीं पता कि भारतीय लोगों के दिमाग में क्या है या उनकी समस्याओं का समाधान कैसे किया जाए. यह कड़ी मेहनत और ईमानदारी से काम करने या लोगों से संपर्क करने और जुड़ने के लिए तैयार नहीं है। सिर्फ कमरों में बैठकर और तकनीक को बलि का बकरा बनाकर खराब प्रदर्शन को नहीं छिपाया जा सकता है – जो दुनिया के लिए स्पष्ट है। जो लोग ग्राउंड पर काम करते हैं, जैसे कि पार्टी के कार्यकर्ता और भाजपा के चुने हुए प्रतिनिधि, वो इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं कि इस देश के लोग क्या चाहते हैं.

अभी, भाजपा ने दिल्ली चुनावों को ध्यान में रखते हुए एक घोषणापत्र समिति की घोषणा की है. इस समिति का काम यह जानना है कि दिल्ली के दिल में क्या है, इसे दिल्ली भाजपा के घोषणापत्र के हिस्से के रूप में लिखित रूप में रखना और चुने जाने पर उन वादों को पूरा करने की दिशा में काम करना. दूसरे शब्दों में, 'संकल्प से सिद्धि तक' की यात्रा को पूरा करना। ईवीएम एक सरल और स्केलेबल मॉडल पेश करते हैं. वह डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना उपलब्धियों के बैनर तले हस्ताक्षर तकनीक के रूप में खड़े हैं और उन्हें यूपीआई भुगतान प्रणाली और कोविन प्लेटफॉर्म के समान ही रखा जा सकता है. ये इनोवेशन ग्लोबल साउथ में भारत के इनोवेशन और तकनीकी नेतृत्व को दर्शाते हैं, जहां देश ग्लोबल लेवल के इन्फ्रास्टक्चर या प्रोडक्ट बनाने के लिए किफायती साधनों का उपयोग कर रहे हैं. इस प्रणाली को प्रभावी और कुशल चुनाव प्रबंधन के साथ-साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अन्य देशों को भी निर्यात किया जा सकता है. लोकतंत्र और लोकतांत्रिक शासन के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता इस तरह के सहयोग के माध्यम से सबसे अच्छी तरह से उदाहरणित होगी।ऐसा लगता है कि भाजपा ने भारतीय लोगों के दिल और दिमाग को हैक करने की कला में महारत हासिल कर ली है. हालांकि, यह एक ऐसा दावा है जो नए बीएनएस के तहत अदालत में टिक नहीं सकता है!

इस बीच, कांग्रेस को ठकेला की धुन पर नाचना बंद कर देना चाहिए और दुनिया की नज़रों में हंसी का पात्र बनने से बचना चाहिए. ईवीएम को चुनाव में धांधली और बूथ कैप्चरिंग की कार्रवाई को रोकने के लिए पेश किया गया था, जो कि, यह तर्क दिया जा सकता है, कांग्रेस की खासियत है. लोकतंत्र के रथ के पहिये चलते रहने चाहिए और लुढ़कते पत्थर की तरह जिस पर काई नहीं जमती, ईवीएम विवाद को भ्रष्टाचार की धूल में पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए.

**(साभार : लेखक भाजपा नेता व वकील हैं,** यह उनके विचार हैं।

**वाणी की पवित्रता, मन की, इंद्रियों की, और एक दयालु हृदय की आवश्यकता उस व्यक्ति को होती है जो दिव्य मंच पर उठने की इच्छा रखता है।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1582: फ्रांस ने ग्रेगोरियन कैलेंडर का इस्तेमाल शुरू किया।
- 1887: आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन के बीच बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1898: पेरिस संधि के बाद स्पेन-अमेरिका युद्ध समाप्त।
- 1902: तस्मानिया में महिलाओं को मत देने का अधिकार मिला।
- 1903: पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 1947: सोवियत संघ और चेकोस्लोवाकिया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1950: संयुक्त राष्ट ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस घोषित किया।
- 1961: सोवियत संघ और अल्बानिया के बीच राजनयिक संबंध समाप्त।
- 1963: अफ्रीकी देश जंजीबार ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1992: गुजरात में देश की पहली होवरक्राफ्ट सेवा शुरू।
- 1994: यासर अराफात, वित्जाक राबिन एवं शिमोन पेरेज संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित।
- 1998: अमर्त्य सेन को स्काटहोम में अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 1999: अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ समझौते के अनुसार आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन उपलब्ध कराना आर्थिक अपराध घोषित।
- 2000:नवाज शरीफ सपरिवार पाकिस्तान से दस साल के लिए निर्वासित।
- 2002: अमेरिका की दूसरी सबसे बड़ी वायुसेवा कंपनी यूनाइटेड एयरलाइंस दिवालिया घोषित।
- 2003: कोलंबो में तत्कालीन राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के बीच वार्ता विफल।
- 2004: ढाका टेस्ट में कपिल देव को पीछे छोड़ते हुए अनिल कुंबले टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने।
- 2005: कजाकिस्तान में हुए राष्ट्रपति चुनाव में वर्तमान राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजर बायेब पुनः राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 2007: क्रिस्टीना फर्नांडीज डी किर्चनेर अर्जेंटीना की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं।
- 2013: मादक पदार्थ मारिजुआना के विकास, बिक्री तथा उपयोग को वैध बनाने वाला उरूग्वे पहला देश बना।

## निशाना

### है मिला उपहार !



-कृष्णेन्द्र राय

अंदर बाहर हो रहे ।
खेलने को खेल ।।
बढ़ ना जाए ख़तरा ।
कर लें तनिक मेल ।।
है मिला उपहार ।
करने को प्रचार ।।
सख़्त है हिदायत ।
रहना खबरदार ।।
व्यस्त रहेगा कार्यक्रम ।
रख कदम संभाल ।।
भावनाओं को अभी ।
है बनाना ढ़ाल ।।
होंगे हमले तेज़ ।
है यह आखिर तय ।।
धीरे-धीरे उसी दिशा में ।
लगी बनने लय ।।

### पेड़ गिरने से घायल बच्चों को अस्पताल देखने पहुंचे कलेक्टर-एसपी

# कलेक्टर ने बेहतर चिकित्सीय प्रबंध के डॉक्टरों को दिए निर्देश





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बासौदा के पुरवाई चक्क में नीम का पेड़ गिरने से घायल हुए स्कूल के बच्चों के इलाज हेतु किए गए चिकित्सीय प्रबंधों का जिला अस्पताल पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने घायल बच्चों व उनके परिजनों से संवाद भी किया। कलेक्टर श्री सिंह ने पेड़ गिरने से घायल हुए 10 साल के मास्टर विपिन सहरिया, कक्षा आठवी की छात्रा अंजली गुर्जर दोनो बच्चों से संवाद कर कहा कि ज्यादा चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। डॉक्टर द्वारा जांच व उपचार किया जा रहा है। इलाज के तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए गए है किसी भी प्रकार से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने घायल बच्चों को बेहतर उपचार मिले इसके लिए अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह को जैसे ही जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होंने तत्काल जिला परियोजना समन्वयक आरपी लखेर एवं जनपद सीईओ बासौदा को टीएल बैठक में से ही बच्चों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बासौदा रवाना किया गया था।

बासौदा के ग्राम पुरवाई चक्क में शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण में नीम का पेड़ गिरने से स्कूल के बच्चे चायल होने की सूचना प्राप्त होने पर एसडीए विजय राय सहित अन्य अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलो को इलाज के लिए बासौदा अस्पताल पहुंचाया जिसमें से दो बच्चों अंजली गुर्जर और विपिन सहरिया को जिला चिकित्सालय विदिशा रेफर किया गया था इन दोनो बच्चों को भर्ती कराया जाकर बेहतर इलाज के प्रबंध सुनिश्चित कर इलाज किया जा रहा है।

बासौदा विकासखण्ड अंतर्गत माध्यमिक शाला पुरवाई चक्क में सोमवार की प्रातः प्रांगण में लगा नीम का पेड अचानक धराशायी हो गया। जिसकी चपेट में आने से संस्था के 6 बच्चे कक्षा आठवी की छात्रा अंजली गुर्जर, कक्षा चार के विपिन सहरिया, देव अहिरवार, कक्षा पांचवी के छात्र उमेश प्रजापति, शिवम अहिरवार एवं कक्षा तीन की छात्रा बैष्णवी अहिरवार चोटिल हो गए थे। जिन्हें बासौदा के शासकीय चिकित्सालय में संस्था शिक्षकों द्वारा भर्ती कराया गया। जिला परियोजना समन्वयक एवं जनपद सीईओ ने मौके पर पहुंचकर बच्चों का हाल चाल जाना एवं बच्चों तथा उनके अभिभावकों से भी चर्चा की। बच्चों को सामान्य चोटें आई हैं एवं इनमें से 3 बच्चे अंजली गुर्जर, विपिन सहरिया एवं देव अहिरवार को सिर में चोट आने पर सीटी स्कैन के लिए विदिशा के शासकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था।

#### निःशुल्क इलाज जारी व घायलों को आर्थिक मदद जारी

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बासौदा की ग्राम पुरवाई चक्क में शासकीय माध्यमिक शाला में पेड गिरने से घायल हुए स्कूली छः विद्यार्थियों के लिए आर्थिक मदद के आदेश जारी कर दिए है। डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया ने बताया कि गंभीर घायल तीन बच्चों को दस-दस हजार रूपए की और आंशिक रूप से घायल हुए तीन बच्चों को पांच-पांच हजार रूपए की आर्थिक मदद जारी की गई है। प्रशासन द्वारा सभी घायलो का निःशुल्क इलाज के प्रबंध सुनिश्चित किए गए है। गंभीर घायल बच्चे जिन्हें दस-दस हजार रूपए की राशि जारी की गई उनमें कक्षा आठवी की अंजली गुर्जर पिता पप्पू गुर्जर, कक्षा चौथी के देव पिता सूरत सिंह अहिरवार और कक्षा तीसरी के विपिन पिता करन सिंह आदिवासी शामिल है। जबकि पांच-पांच हजार रूपए की राशि सामान्य रूप से चौटिल जिन बच्चों को जारी की गई है उनमें कक्षा पांचवी के उमेश पिता ओमप्रकाश प्रजापति, और कक्षा तीसरी के द्वय विद्यार्थी शिवम पिता पहलवान अहिरवार और कुमारी वैष्णवी पिता आकाश अहिरवार शामिल है।

### युवाओं में मानवाधिकार जागरूकता फैलाने का हो रहा है प्रयास

## किशोरी अधिकारों पर सारिका की चिंता पर होगा सकारात्मक प्रयास : न्यायमूर्ति ममतानी

#### समानता, न्याय और सम्मान के मूल्यों को बढ़ावा देने सारिका ने रिपोर्ट प्रस्तुत की

**नर्मदापुरम।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नेशनल अवार्ड प्राप्त सारिका घारू ने मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोहर ममतानी से मुलाकात कर किशोरियों एवं महिलाओं के मानवअधिकारों से संबंधित 6 बिंदुओं पर अपनी रिसर्च का प्रजेंटेशन किया । इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष की थीम ÷हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी÷ निर्धारित की गई है । इसका उद्देश्य युवाओं में मानवाधिकार शिक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना और कम उम्र से ही समानता, न्याय और सम्मान के मूल्यों को बढ़ावा देने के महत्व को बताना है। सारिका घारू द्वारा किशोरियों एवं महिलाओं के बीच काम करते हुये उनके अधिकारों पर शोध करना निश्चित ही प्रशंसनीय है । आयोग रिपोर्ट में प्रस्तुत सुझावों पर सकारात्मक विचार करेगा ।



#### सारिका ने इन बिंदुओं पर सुझाव दिये हैं

किशोरियों के मासिक धर्म की पीड़ा को शतप्रतिशत उपस्थिति के निर्णय के साथ जोड़ना। शिशुओं के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं पर सुझाव, अविवाहित महिलाओं के अधिकारों पर सुझाव दिए.

## कक्षा नौवीं से कक्षा वारहवीं तक की बोर्ड पैटर्न पर अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा नवमी से वारहवीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो गई इसमें कक्षा नवमी एवं दसवीं प्रथम पाली में तथा 11वीं एवं 12वीं द्वितीय पाली में 19 दिसंबर 2024 तक संपन्न होगी। कक्षा नौवीं से 12वीं तक के प्रश्न पत्र भी बोर्ड पैटर्न पर दिए गए हैं प्रथम प्रश्न पत्र कक्षा 9वी एवं 10वीं का हिंदी विषय छात्र-छात्राओं ने हल किया तथा कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, भारतीय कला का इतिहास, विज्ञान के तत्व आदि विषय का प्रश्न पत्र छात्र-छात्राओं ने हल किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा के प्राचार्य राम मोहन रघुवंशी ने बताया कि प्रथम दिवस हिंदी का प्रश्न पत्र प्रथम पाली में हल करने के पश्चात उसी दिन परीक्षा उपरांत अगले प्रश्न पत्र सामाजिक विज्ञान की तैयारी हेतु कक्षा संचालन किया गया। विषयमान अनुसार विद्यार्थियों की परीक्षाएं जैसे-जैसे समाप्त होती जाएगी विद्यार्थियों की अगले कार्य दिवस से नियमित कक्षाएं अनिवार्य रूप से संचालित की जाएगी प्रायोगिक विषयों की परीक्षाएं 9 दिसंबर से 19 दिसंबर के मध्य प्राचार्य अपनी सुविधा के अनुसार आयोजित करेंगे, 30 दिसंबर 2024 को पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित कर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया जाएगा तथा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का भी अवलोकन कराया जाएगा।



## सांसद से मिला इटारसी क्रिकेट संघ का प्रतिनिधि मंडल, स्टेडियम पर हुई चर्चा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

सांसद दर्शन सिंह चौधरी से इटारसी क्रिकेट संघ का प्रतिनिधि मंडल रेस्ट हाउस इटारसी में मिला और उन्हें इटारसी क्रिकेट संघ की गतिविधियों व आगामी लेदल बॉल टूर्नामेंट के संबंध में जानकारी दी। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से अध्यक्ष सत्येंद्रपाल सिंह जग्गी, सचिव अमित जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे। यहां प्रतिनिधि मंडल ने सांसद श्री सिंह से इटारसी में क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की मांग की। जिसे सांसद सिंह ने बहुत अच्छा प्रयास बताया। कहा कि वे इसके लिए प्रयास करेंगे। प्रतिनिधि मंडल ने इन्हें सूरजगंज एफसीआई, अठठारह बंगला रेलवे की जमीन खेल स्टेडियम के लिए बताई। इसके साथ ही कहा कि सांसद महोदय जहां भी जगह उपलब्ध कराकर स्टेडियम निर्माण कराएंगे वे मंजूर होगा।



## बच्चों ने जाना किस प्रकार से पुलिस करती हैं कार्यवाही

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

पीएम श्री गवर्नमेंट मिडिल स्कूल बाबरी में एक्सपर्ट टॉक के रूप में विवेक कुमार यादव थाना प्रभारी शिवपुर एवं महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेखा यदुवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्री यादव द्वारा बच्चों को पुलिस प्रशासन की कार्रवाइयों से अवगत कराया एवं बच्चों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बड़े ही सकारात्मक रूप से दिए गए एवं कहां की बच्चों को पुलिस से डर नहीं लगना चाहिए बल्कि पुलिस तो बच्चों की दोस्त के रूप में काम करती है इसी के साथ अपने अन्य अनुभवों को भी बच्चों के साथ साझा किया। कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेखा यदुवंशी ने बच्चों को अपने विभाग में संचालित कार्यों के बारे में समझाया गया एवं बच्चों को बेड टच एवं गुड टच के बारे में बताया और कहां गया कि इस प्रकार की घटना अगर आपके साथ घटती है तो शीघ्र ही स्कूल प्रशासन की इसकी जानकारी दें या अपने माता-पिता को सूचना दें। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी सुरेंद्र पटेल ने बताया की पीएम श्री शालाओं में प्रत्येक माह बच्चों के बीच इसी प्रकार अन्य विभागों के अधिकारियों को बुलाकर उनके अनुभवों को बच्चों के बीच शेयर किए जाते हैं। कार्यक्रम बहुत ही सकारात्मक रहा एवं संस्था की ओर से एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया इस दौरान संस्था के उमाशंकर तिवारी माध्यमिक शिक्षक, शालक राम तेकाम, श्रीमती रेखा केवट, संध्या यदुवंशी रितु कुशवाहा, भारती दायमा, सुरेंद्र चौरे, रितेश मालवीय और समस्त बच्चों के साथ पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुखलाल यदुवंशी एवं आंगनबाड़ी के समस्त कार्यकर्ता एवं बच्चे उपस्थित रहे।



## आदिवासी कोरकू समाज मिलन समारोह एवं कार्यकारिणी का गठन



**नर्मदापुरम।** विगत दिवस तिलक सिंदूर में आदिवासी कोरकू समाज मिलन समारोह एवं जिला समिति पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लगभग 500 लोग शामिल हुए। जिला नवीन कार्यकारिणी का पुनर्गठन दुर्गेश बैठे के नेतृत्व में पुनर्गठन समिति द्वारा एवं जिले के सभी विकासखंडों से पधारे सामाजिक बुद्धिजीवियों की सर्वसम्मति से सम्पन्न किया गया। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों को जिले के विभिन्न पदों पर समाज हित में कार्य/नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला समिति के नवीन पदाधिकारी जिनमें जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद नागले लालपानी, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती प्रेमवती मवासे सिवनीमालवा, जिला उपाध्यक्ष सुश्री बनिता चौहान घुमड़देव, जिला कोषाध्यक्ष प्रयाग शेलूकर कांकडी, महासचिव विमल सिंह मवासे डांडीवाडा एवं कार्यकारिणी सदस्य गण सतापसिंह कलमे पिपरिया-पचमढ़ी, मेलाराम मावासे बारासेल, बलिराम बैठे माखन नगर, जय सिंह बारस्कर भरगदा, विजय बैठे नर्मदापुरम। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पी. बारस्कर पूर्व सलाहकार नीति एवं योजना आयोग म. प्र., दुर्गेश धुर्वे प्रदेश संयोजक, सुनील कुमार चौहान रक्षा मंत्रालय, श्रीमती सीमा कास्दे ज़िला पंचायत सदस्य केसला, कमल सिंह मवासे, अर्जुन सिंह नर्रे, शिवलाल बारस्कर, सुनील शीलू, सतापसिंह, सुरेश दाहिकर, रामनारायण, अमित काजले सहित हर ब्लॉक से लगभग सेंकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुये।

### अभा कवि समागम व सम्मान समारोह15 को

**नर्मदापुरम।** नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम द्वारा पुण्य सलिला माँ ताप्ती के उदगम स्थल मुलताई में अखिल भारतीय कवि समागम ,सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक किशोर करैया 'केप्टिन' ने बताया कि 15 दिसम्बर 2024 रविवार को पुण्य सलिला मां ताप्ती के तट पर स्थित कुनबी मंगलभवन मुलताई में नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम एवं वागेश्वरी साहित्य परिषद मुलताई के संयुक्त तत्वाधान में स्व.मदन सोनी जी (मोरखा),स्व.वसंत मिरासे जी (बैतूल), स्व. पंछीलाल बेले (बड़गांव), स्व. एन. लाल जैन (मुलताई) व स्व.श्रीमति स्वाती सोनी (मुलताई) की पावन स्मृति में देश के विभिन्न प्रांतों से 75 कवियों का अखिल भारतीय कवि समागम, सम्मान समारोह होगा। इस अवसर पुस्तक विमोचन एवं समाजसेवीयो व पत्रकारो का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक दीपक साहू ने बताया की आयोजन की अध्यक्षता ख्यातिप्राप्त ग़ज़लकार कुमार नितेश 'नैश' (भोपाल) ओर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर देशमुख विधायक मुलताई तथा विशिष्ट अतिथि के रुप मे आमला विधायक योगेश पण्डाग्रे,जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार ,नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति वर्षा गड़ेकर की गरिमामय उपस्थिति मे किया जायेगा।

**मेट्रो एंकर** बचपन से संस्था में रह रही वंशिका को मिला जीवनसाथी

# मुस्कान ने एक और बालिका का जीवन संवारा, धूमधाम से आई बारात

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

बेसहारा बच्चों की सामाजिक संस्था मुस्कान ने आज एक और बालिका का जीवन सवार दिया। बचपन से ही बालिका ग्रह में रह रही वंशिका नाम की इस बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात उसको लीगल फ्री करके शक्ति सदन में पुर्नवास कराया ओर आज 21 वर्ष की आयु में धूमधाम से उसका विवाह संपन्न कराया । संस्था संचालक मनीष ठाकुर ने उसका विवाह का जिम्मा उठाया।

शहर के न्यास कॉलोनी क्षेत्र में विगत 15 वर्षों से संचालित मुस्कान संस्था में लगभग 50 बच्चे रह रहे हैं। यह बच्चे ऐसे हैं जिनके माता-पिता का कोई अता-पता नहीं है या फिर वह बचपन से ही अपने घर छोड़ कर बाहर निकले और दोबारा अपने घर लौटना नहीं चाहते हैं। यहां रह रहै 50 बच्चों को मुस्कान परिवार ही अपना सारा घर संसार लगता है।इन्हीं बच्चों में से एक बालिका जिसका नाम वंशिका है कुछ माह पूर्व उसने अपने जीवन के 21 वर्ष पूर्ण किए । वह बचपन से ही मुस्कान संस्था में पली बढ़ी थी । मुस्कान संस्था के संचालक मनीष ठाकुर बताते हैं कि हम ही वंशिका के माता-पिता बनाकर उसकी देखभाल करते थे इसलिए 21 वर्ष की हो जाने के पश्चात हमने उसके लिए वर की खोज प्रारंभ की और पास के ही गांव नीमसादिया के प्रीतम नामक युवक का चयन उसके जीवन साथी के रूप में किया।



वृंदावन गार्डन में हिंदू धार्मिक रीति रिवाज से बड़े ही धूमधाम से वंशिका और प्रीतम का विवाह गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा वैदिक मंत्रों सेसंपन्न कराया गया इस शुभ विवाह कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे,उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत,पार्षद एवं सभापति श्रीमती अमृता ठाकुर,सभापति राकेश जाधव मनजीत क्लोसिया ने बरात की आगमानी की व वर बधू को आशीर्वाद देने विधायक सीताशरण शर्मा,वरिष्ठ भाजपा नेता पीयूष शर्मा,जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे,सागर शिवहरे,एसडीओपी महेन्द सिंह चौहान,थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला, सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक,पत्रकार मौजूद थे। विधायक शर्मा द्वारा स्थापित मुस्कान संस्था में मुस्कान बालिका गृह एवं नारी शक्ति महिला आश्रय ग्रह का संचालन किया जाता है जिसमें बालिकाओं को शिक्षा के साथ रोजगार प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

### अतिक्रमण पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

# 342 करोड़ की 66.3 हेक्टेयर चरनोई भूमि अतिक्रमणमुक्त हुई

**बाजार मूल्य 41 करोड 92 लाख 73 हजार 362 रूपए आंकलित**

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का कार्य अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है। सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में चरनोई भूमि से हटाए गए अतिक्रमण की गौशवारा जानकारियां प्रस्तुत की गई। कलेक्टेऊ्ट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में तहसीलवार चरनोई भूमि से हटाए गए अतिक्रमणों की जानकारी पटवारी हल्कावार प्रस्तुत की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक अतिक्रमण से मुक्त कराई गई चरनोई भूमि की जानकारी तदानुसार खसरा 417, रकवा कुल 366.3 हेक्टेयर जिसकी अनुमानित मूल्य 41 करोड 92 लाख 73 हजार 362 रूपए आंकलित किया गया है।



कलेक्टर श्री सिंह ने अतिक्रमण से विमुक्त कराई गई भूमि पर पुनः किसी अन्य का कब्जा, अतिक्रमण ना हो इसके लिए गौ-शालाओं से संवंद्ध की गई उक्त भूमि की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले प्रबंधो पर बल देते हुए गौ-शालाओं के संबंर्धन हेतु उक्त भूमि का अधिक से अधिक दोहन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने क्षेत्रों के सभी एसडीएमों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण से विमुक्त कराई गई भूमि का स्वंय एवं अधीनस्थो के द्वारा औचक निरीक्षण सतत किया जाए। उन्होंने गौ-शालाओं में पशुधन के लिए आहार हेतु उक्त भूमि का उपयोग चारा उन्नत करने के रूप में क्रियान्वित करने के निर्देश दिए है। वहीं गौ-शालाओं के गोबर का उपयोग विभिन्न सामग्रियों के निर्माण में कराने के नवाचारो को बल दिया है।

## आयुष्मान कार्डो की प्रगति का जायजा

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में 70 प्लस आयु वर्ग के नागरिको को प्रदाय किए जाने वाले आयुष्मान कार्डो की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिले में 70 प्लस आयु वर्ग के नागरिक चिन्हित किए गए है। जिनको आयुष्मान कार्ड जारी होना है अतः संबंधित जनपद सीईओ व एसडीएम इस कार्या को लीड करते हुए दो दिवस के भीतर शेष नागरिकों को आयुष्मान कार्ड जारी करने का कार्य संपादित करें। उन्होंने अब तक जनपदवार उपलब्धियो का जायजा लिया। इस दौरान बतलाया गया कि जिले में 45570 नागरिकों को कार्ड जारी किए जा चुके है जिसमें से ऑन लाइन 21710 व आफलाइन 23867 कार्ड शामिल है। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के ग्राम स्तरीय अमला जो आयुष्मान कार्डो को जनरेट करने का कार्य कर रहे है। उन सबको चिन्हित नागरिक के घर पहुंचकर कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण करें के निर्देश देते हुए संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों को कार्यो की मॉनिटरिंग का जिम्मा सौंपा है।

## राजस्व महा अभियान की अवधि बढ़ी

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व महा अभियान 3.0 का क्रियान्वयन 15 दिसम्बर तक किया जाना था किन्तु अब मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जारी नवीन निर्देशानुसार राजस्व महा अभियान का क्रियान्वयन 26 जनवरी तक किया जाएगा। उन्होंने अभियान की उद्धेश्यो की प्राप्ति के संबंध में अब तक की गई कार्यवाहियों की समीक्षा सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में की है।

### मेगा अपार दो दिवसीय का आयोजन

# हर छात्र की हो डिजिटल पहचान शिक्षा की नई उड़ान



सिरोंज , दोपहर मेट्रो

विदिशा नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत समाहित समस्त नवाचारी गतिविधियों में से ही एक है, अपार योजना ;।च।।त्द्ध जिसका पूरा नाम स्वचालित स्थायी अकादमिक खाता रजिस्ट्री है। यह व्यवस्था मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि कक्षा 1 से 12 तक समस्त शासकीय, अशासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो का डेटा बेस यू-डाइस प्लस पर प्रति वर्ष प्रविष्ट किया जाता रहा किन्तु बच्चों के संबंधित दस्तावेज अपलोड की सुविधा नही थी। अपार योजना अंतर्गत प्रत्येक बच्चे का 12 अंको का यूनिक आई.डी. अपार जनरेट किया जाकर ऑनलाईन डी.जी. लॉकर में बच्चो के समग्र आईडी, आधार, जन्म प्रमाण पत्र तथा सभी अंकसूचियां, जाति प्रमाण पत्र आदि को डिजीटली स्टोरेज किया जा सकेगा। इस डेटा बेस से विभाग को आपके बच्चो की जानकारी प्राप्त करने, उन्हें छात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ देने में काफी सुविधा होगी साथ ही बच्चों के दस्तावेज किसी कारणवश गुम जाने की स्थिति में आपको भी दस्तावेजों के पुर्ननिर्माण में काफी सहायता होगी। मेगा अपार दिवस का आयोजन प्रति माह किया जावेगा। प्रथम मेगा अपार दिवस का आयोजन जिला विदिशा के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, केन्द्रीय विद्यालयों में दिनांक 09 तथा 10 दिसम्बर 2024 को किया जा रहा है। अतः आप अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आईडी व आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से अपनी संबंधित शैक्षणिक संस्था में जाकर सहभागिता करनें का कष्ट करें।

## भव्य रंगोली बना कर किया एड्स जागरूकता का समापन

**नर्मदापुरम।** प्रियांशी एजुकेशनल कल्चरल एंड सोशल सोसाइटी के द्वारा सोमवार को नर्मदापुरम नगर के मुख्य चौराहे पर भव्य रंगोली व केंडल जला कर वर्ल्ड एड्स डे का समापन किया गया। जिसमें उपस्थित जिला अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका दुबे, डॉ संजय पुरोहित, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शशि सिंह, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती रुचि पान्डे, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू, सतीश तिवारी, पूजा अवस्थी, हेमन्त पटेल, विवेक पटवा, प्रकाश यादव, टीआई प्रबंधक मीनाक्षी बाथरी, रक्षा शुक्ला, प्रीति ठाकरे, आरती बेलवंशी, सोनू गौर, नारायण विश्वकर्मा, हरीश यादव, ममता मंडल, आशा बाथरी, ज्यूति खरवार, अमर, अंकित व समस्त स्टाफ की उपस्थिति में समापन किया गया।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर बेच लगाया



**सिरोंज।** विदिशा सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्टेऊ्ट में पहुंचकर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को ध्वज बेच लगाकर दिवस की शुरूआत की है। सैनिक कल्याण बोर्ड व भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टेऊ्ट के बेतवा सभागार कक्ष में जारी लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में उपस्थित अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को भी ध्वज बेच लगाया है।

## एकदम से बड़ी ठंड, गर्म कपड़ों की बड़ी मांग

**सिरोंज।** अचानक ठंड बढ़ने से लोगों की परेशानियां भी बढ़ने लगी है साथ ही गर्म कपड़ों की मांग में भी एकदम से वृद्धि हो गई है। सोमवार को तो कड़ाके की सर्दी का दौर प्रारंभ हो गया एकदम से ठंडी हवाएं चलने के कारण घरों से निकलने में भी परेशानी होने लगी दूसरी ओर ठंड का दौर प्रारंभ होने से फसलों में भी रौनक आने लगी है। अभी सर्दी नहीं पढ़ने से फसलों में बी वृद्धि नहीं हो रही थी इसके अलावा बाजार में सर्दी पढ़ने के साथ गर्म कपड़ों की मांग में भी वृद्धि ह गई है। क्योंकि कई दुकानदारों में गर्म कपड़ों का स्टॉक कर रखा उनकी मांग नहीं होने से उनकी चिंताएं बड़ी हुई थी दूसरी और सर्दी का सितम शुरू होते होते दिन में भी लोग आग जलाकर हाथ संेकते हुए नजर आए आने वाले दिनों में ठंड में वृद्धि होने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा जाहिर की गई है। इसी तरह ठंडी हवाएं चलेंगी तो घरों से निकलने में कठिनाई होगी बुजुर्गों को ठंडो के दिनों में सावधानी के साथ घरो से बाहर

## आनंदपुर पुलिस ने 24 घंटे में किया नकबजनी का खुलासा

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

7 दिसंबर की दरमियानी रात्रि में ग्राम काछीखेडा हार में से फरियादी बालाराम पिता शिवप्रकाश रघुवंशी उम्र 59 साल निवासी ग्राम परवरिया हाल निवासी लटेरी के खेत में बने कमरे से अज्ञात चोर 3 लाईट की डोरी के बंडल व 2 स्टाटर को कमरे का ताला व दीवाल तोडकर चोरी कर ले गए थे। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने 145/24 धारा 331(4), 305(`) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध करके मामले की गंभीरत से लेते हुए एसपी एएसपी के निर्देश पर एसडीओपी अजय मिश्रा के नेतृत्व में थाने में टीम का गठन किया गया । जिसमें उनि. बी.डी. सिंह थाना प्रभारी, सउनि. अनूप यादव, आर. दीपक रघुवंशी, आर. विजय शर्मा, आर. नीलेश धाकड, आर. अनिल डोडियार के द्वारा इलाका में मजबूत सूचनातंत्र फैला कर अज्ञात चोर की तलाश प्रारंभ की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति ग्राम ऊलाखेडी के पास सस्ते दाम पर स्टाटर व लाईट कि डोरी बेचने की फिराक में है। सूचना कि तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान ग्राम ऊलाखेडी के पास पहुचे जहाँ पर मुखबिर के बताये हुलिया के दो व्यक्ति मिले जिनसे नाम पता पूछा तो दोनो में से एक ने गोलू पिता मौकम सिंह बंजारा उम्र 20 साल निवासी ग्राम रघुनाथपुर, तथा राहूल गंग अहिरवार उम्र 18 साल 06 माह का होना बताया जिन्हे अभिरक्षा में लेकर ग्राम काछीखेडा हार में हुई डोरी व स्टाटर की चोरी के संबंध में पूछताछ किया जिन्होने अपना जुर्म स्वीकार कर चोरी कर मशरूका इन्हें अपने घर में रखना बताया बाद आरोपीगणों से चोरी किये गये मशरूका को बरामद किया गया । बाद उक्त दोनों आरोपीयों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया।

## बीच सड़क पर शराबी ने नशे में धुत होकर किया हंगामा

**सिरोंज।** मंडी बाईपास रोड की शराब दुकान के मार्ग पर पंचायत हो रही है पर शराबियों के द्वारा शराब पीकर हंगामा किया जाता है। शराबियों के द्वारा दुकान के बाहर बैठकर शराब पीने का काम किया जाता है इनको रोकने के लिए कोई नहीं आता इसीलिए इनके बुलंद है आम जनता के लिए जरूर परेशानी खड़ी कर रहे हैं किसी दिन बड़ी घटना भी इनकी वजह से हो सकती उसके बाद ही जिम्मेदार गहरीनींद में जागेंगे एक शराबी ने रात में इतनी शराब पी ली थी उसको होश भी नहीं था उसने बीच सड़क पर वाहनों के सामने गिरकर काफी देर तक गदर किया गनीमत रही कोई वाहन इसके ऊपर नहीं चड्ढा नहीं तो बड़ी घटना भी घटित हो सकती थी काफी देर के बाद शराबी के हाथों से मुक्ति मिली इस तरह की तस्वीर इस मार्ग पर प्रतिदिन सामने आती है। इसके बाद भी अबकारी विभाग के द्वारा शराब दुकान के बाहर शराब पीने वालों पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं करती इस बजह इनके हौसले बुलंद है और शराबियों के आतंक से आसपास की दुकानदारों के साथ वाहन चालकों भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समय रहते ठोस कदम नहीं उठाएगी तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है शायद उसका इंतजार जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं तभी इनको कार्रवाई करने की याद नहीं आ रही है।

# एसडीएम के निर्देश पर 6 पटवारियों की टीम ने 3 घंटे में किया सीमांकन

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

सोमवार को इमलानी मार्ग का सीमांकन करने के लिए एसडीएम को निर्देश पर 6 पटवारियों की टीम ने सीमाओं का मिलान करके 3 घंटे नापतोल करने का कार्य किया उसके बाद शहर की मुख्य सड़क से इमलानी मार्ग पर 40 फीट से अधिक क्षेत्र में अतिक्रमण आ रहा है। यहां पर बैसे 80 फीट के करीब सरकारी रास्ता है पर वर्तमान में 38 फीट के करीब ही बचा हुआ है । सीमांकन के बाद जिन लोगों के मकान सरकारी जगह में बने हुए हैं उनकी चिंताएं जरूर बढ़ गई कई लोगों के मकान सरकारी जगह के रास्ते पर बने हुए इस वजह से मार्ग यहां पर चौड़ा नहीं हो पा रहा है, उसको चौड़ा करने के लिए सीमांकन हुआ है, वहीं देखने वाली बात तो यह है कि प्रशासन के द्वारा जिन लोगों ने सरकारी जगह पर पक्के मकान बना रखे हैं उन पर कार्रवाई होगी या नहीं इनमें एक मकान तो तीन मंजिला उसको तोड़ने में भी प्रशासन को पसीने आ जाएंगे कई मकान मुख्य मार्ग से लेकर अंदर वाले रास्ते पर बने हुए हैं। मंडी बाईपास रोड पर पर भी तो मकान अवैध जाती क्रमण में पाए गए हैं। इनमें एक मकान तो तीन मंजिला है तथा एक मकान भी अतिक्रमण में पाया गया है जहां पर नापती के उपरांत चूना डालने का कार्य पटवारी के दल ने किया जिस समय यहां पर सीमांकन चल रहा था तो बड़ी संख्या में आसपास के दुकानदारों की भीड़ भी एकत्रित हो गई थी जो तीन मंजिला बिल्डिंग



अतिक्रमण में आ रही है उसमें बड़ी संख्या में दुकानदारों ने दुकानें किराया पर लेकर व्यापार कर रहे कई लोगों ने तो मोटी पगड़ियां भी दे रखी है उनकी चिंताएं भी नापती के बाद बढ़ गई है। दोपहर के पटवारियों का दल सीमांकन करने के लिए मौके पहुंच बासौदा नाके से सीमा निर्धारित करके जारीप डालकर नापने का काम किया काफी समय के बाद सीमांकन हो पाया इसके बाद पंचनामा तैयार किया गया। आगे की कार्रवाई के लिए पूरी रिपोर्ट तैयार करके सीमांकन क साथ रिपोर्ट को एसडीएम हर्षल चौधरी को दी जाएगी जिन-जिन लोगों का अतिक्रमण आ रहा है।

### पक्के अतिक्रमण टूटेंगे या नहीं

इमलानी मार्ग पर सीमांकन के बाद बड़ी संख्या में लोगों का अतिक्रमण पाया गया इसमें कई लोगों के मकान भी बन पाए गए हैं, सीमांकन के बाद इनको टूटने का डर सता रहा है। प्रशासन अतिक्रमण में बने मकानों को तोड़ने की कार्रवाई कर पाएगा या फिर सीमांकन के बाद मामले को ठंडा बस्ते में डाल दिया जाए जिसकी चर्चाएं कई तरह की हो रही है। उन चर्चाओं को बल मिलेगा या फिर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी जनहित सड़क को चौड़ा करने के लिए धरातल पर ठोस कदम उठाकर सरकारी रास्ते पर बने मकानों पर जेसीबी चलाने का काम करेगा यदि सड़क चौड़ी हो जाती है दुर्घटनाओं पर रोक लगा जाएगी अभी यहां पर मोड़ के कारण जो दुर्घटना होती है उनमें मैं भी काफी हद तक सुधार हो जाएगा क्योंकि इस मार्ग पर चौड़ीकरण का बाद विदिशा और बासौदा साहित्य ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाल मार्ग है सड़क बनने के बाद ट्रैफिक भी बढ़ेगा अचानक मोड पर होने से कई बार घटनाएं हो जाती है।

### इनका कहना है

"एसडीएम के निर्देश पर सीमांकन हुआ है मार्ग को बाधित करने में अतिक्रमण आता है तो उसको हटवाने का कार्य किया जाएगा।"

-संजय चौरसिया
तहसीलदार

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में आए आवेदनों के निराकरणों की समीक्षा की

# जिलाधिकारी सुनिश्चित करें कि निराकरण में कोई चूक ना हो, संवाद कर निराकरण करें

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणो में आशातीत उपलब्धियां दर्ज नहीं कराने वाले विभागो के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों के खिलाफकार्यवाहियां प्रस्तुत करने के निर्देश डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा को दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षात्मक बैठक के दौरान आगामी गुरूवार को पुनः समीक्षा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने विभागवार आवेदनों के निराकरणो का संख्यात्मक लक्ष्य तय किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरणो में किसी भी प्रकार की चूक ना हो यह जिलाधिकारी सुनिश्चित करें। यदि आवेदनों का निराकरण जिला स्तर पर संभव है तो उसे एक दो दिवस के भीतर ही निराकृत करें। उन्होंने सभी विभागो के जिलाधिकारियों, खासकर जिन विभागो के आवेदन सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज है उन विभागो के अधिकारियों को स्पष्ट




सचेत करते हुए कहा कि आवेदकों से जिलाधिकारी अनिवार्य रूप से संवाद कर शिकायतकर्ता की मूलभूत मंशा से अवगत हों और निराकरण की पहल करें। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जिला स्तर पर संभव था और समय सीमा में निराकृत नहीं किए गए है ऐसे विभागो के एल वन स्तर अधिकारियों की सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले विभागो का क्रमवार पीपीटी के माध्यम से जानकारियां प्रस्तुत की जाए साथ ही उसमें इस बात का भी उल्लेख हो कि पिछले एक सप्ताह में कितने आवेदनों का निराकरण किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन आवेदनो के निराकरण मामलो में विभागो की रैकिंग टॉप फाइव के अन्दर ही हो के प्रबंध सुनिश्चित कराने के लिए हर स्तर पर आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही कराते हुए आवश्यकता के अनुसार नवाचारो को प्रतिपादित करें। उन्होंने समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम में जिले का एक भी आवेदक शामिल ना हो पाए इसके लिए चिन्हित विषयों पर आधारित समस्यायुक्त आवेदनों के निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों के द्वारा विशेष पहल की जाए।

कलेक्टेऊ्ट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में जनसुनवाई कार्यक्रम, समय सीमा में निराकरण कराने हेतु दर्ज किए गए आवेदनों के अलावा वरिष्ठ अधिकारी, कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण तथा अखबारो में प्रकाशित खबरो की कतरनो पर संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों के द्वारा निराकरण हेतु की गई पहल की जानकारियां प्रस्तुत की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर सहित विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें।

# आईसीसी ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को कर दिया बैन

**नईदिल्ली. एजेंसी**



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को बैन कर दिया है। आईसीसीने यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका क्रिकेट को लेटर लिखकर लीग के भविष्य के संस्करणों को मंजूरी नहीं देने के फैसले की जानकारी दी। लेटर में लिखा गया कि लीग में प्लेइंग इलेवन नियमों का पालन नहीं हुआ है। टी-10 फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट में 6-7 विदेश खिलाड़ी खिलाए गए थे। का पहला सीजन 4 से 14 अक्टूबर के बीच हुआ था। रॉबिन उथप्पा की कप्तानी वाली शिकागो सीसी ने अटलांटा किंग को 43 रनों से हराते हुए खिताब जीता था। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने उन्हें ट्रॉफी दी।

**किन नियमों का उल्लंघन हुआ:** आईसीसी के नियम के अनुसार लीग में खेलने वाली हर टीम की प्लेइंग इलेवन में कम से कम 7 अमेरिकी खिलाड़ी होने चाहिए, लेकिन कई मैचों में 6-7 विदेशी खिलाड़ियों को उतारा गया। मैचों में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया, जो बहुत ही खराब थीं। पिचें इतनी खराब थीं कि वहाब रियाज और टाइमल मिल्स को स्पिन गेंदबाजी करनी पड़ी, ताकि बैटर्स को चोट न लगे। लीग के अधिकारियों ने विदेशी खिलाड़ियों को मौका देने के लिए अमेरिका के इमिग्रेशन नियमों को भी तो?ा गया। अमेरिका में स्पोर्ट्स कैटेगरी के वीजा के लिए 6 टीमों के लिए कम से कम 2 लाख रु डॉलर लगते हैं। पैसे बचाने के लिए कई खिलाड़ी स्पोर्ट्स वीजा से नहीं आए।

**रैना, कार्तिक और अफरीदी ने हिस्सा लिया** इस लीग में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक और पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने हिस्सा लिया था। लीग से जुड़े तेंदुलकर, गावस्कर और अकरम जैसे नाम ने वसीम अकरम और विवियन रिचर्ड्स जैसे पूर्व क्रिकेटर्स को ब्रॉन्ड ऐंबैस्डर बनाया था। इसने सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर को अपने ओनरशिप ग्रुप में शामिल किया था। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बंगाल ने चंडीगढ़ को 3 रन से हरा दिया। मोहम्मद शमी ने 32 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया। वहीं दूसरे प्री क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 4 विकेट से हरा दिया। रिंकू सिंह ने 27 रन की नॉटआउट पारी खेली।

### दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के करीब

# टीम इंडिया की राह कठिन



**गेकेबरहा. एजेंसी**

मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका को 109 रन से शिकस्त दी। इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में श्रीलंका का क्लीन स्वीप कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 358 और दूसरी पारी में 317 रन बनाए थे। वहीं, पहली पारी में 328 रन बनाने वाली श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए 348 रन का लक्ष्य मिला लेकिन पूरी टीम 238 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

**प्लेयर ऑफ द मैच :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेन पीटरसन ने मैच में कुल सात विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। उन्होंने पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में दो विकेट लिए थे।

**ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ा :** इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीकी टीम आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे स्थान पर धकेल दिया जबकि भारतीय टीम तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीकी टीम पहली बार आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच गई है जबकि भारतीय टीम के लिए मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। गौरतलब है कि भारत, दक्षिण अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया ही फाइनल में पहुंचने की प्रमुख दावेदार हैं।

**सिर्फ एक जीत की दरकार:** दक्षिण अफ्रीकी टीम का पलड़ा भारी है। उसे अब पाकिस्तान के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलनी है। यदि दक्षिण अफ्रीका एक टेस्ट भी जीत लेती है तो उसका डब्ल्यूटीसी के फाइनल में स्थान पक्का हो जाएगा। यदि वो दोनों टेस्ट जीत लेती है तो तालिका में शीर्ष पर भी कायम रह सकती है। यदि द. अफ्रीका पाकिस्तान के खिलाफ दोनों टेस्ट हार जाती है या दोनों टेस्ट ड्रॉ रहते हैं तो उसके लिए मुश्किलें बढ़ जाएगी।



## मेट्रो बाजार

# सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर लग सकता है ब्रेक, वित्तीय बोझ कम करने की तैयारी

**मुंबई. एजेंसी**

सरकार अपना कर्ज कम करने पर ध्यान दे रही है। इसी क्रम में वित्त मंत्रालय अगले वित्त वर्ष (2025-26) से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड बंद करने पर विचार कर रहा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार को सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के निवेशकों को परिपक्वता अवधि पूरी होने पर सोने की कीमत के बराबर भुगतान करना होता है, जिससे सरकार की देनदारी बढ़ती है। इसके साथ ही निवेशकों को ब्याज का भी भुगतान किया जाता है, जिससे सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2027 से अपना कर्ज और जीडीपी के अनुपात में व्यापक कमी करने का निर्णय किया है। ऐसे में इस तरह की योजना को जारी रखने की कोई तुक नहीं है। साथ ही इसने सोने के आयात को कम करने के अपने प्रारंभिक उद्देश्य को भी पूरा कर लिया है। सरकार का उद्देश्य 2027 से लोन-टू-जीडीपी रेशो को स्थिर रूप से घटाना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस संबंध में आगामी 2026 के बजट में योजना की घोषणा कर सकती है।

मैच्योरिटी भुनाने के लिए हो जाएं तैयार....सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की 29वीं किस्त को दूसरी बार मैच्योरिटी से पहले भुनाने यानी प्रीमैच्योर रिडेम्पशन का मौका बॉन्ड धारकों को नए साल में 16 जनवरी को मिलेगा। लेकिन इसके लिए आपको 17 दिसंबर 2024 और 6 जनवरी 2025 के बीच अप्लाई करना होगा। सरकार ने वित्त वर्ष 2025 में एक बार भी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जारी नहीं किए हैं, लेकिन पूर्ण बजट में 18,500 करोड़ रुपए के गोल्ड बॉन्ड जारी करने का लक्ष्य रखा था, जो अंतरिम बजट के 26,852 करोड़ रुपए के लक्ष्य से कम है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अंतिम बार 21 फरवरी को 8,008 करोड़ रुपए मूल्य के सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड जारी किए थे। ईवाई इंडिया में मुख्य नीति सलाहकार ने कहा कि सरकार को सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसी योजनाओं को जारी रखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत बढ़ रही है और आगे भी इसमें तेजी आ सकती है। कुल मिलाकर सरकार का कर्ज न बढ़े यह देखना जरूरी है।' साथ ही आयात पर अंकुश सरकार की प्राथमिकता रहेगी।

# रिपोर्ट: अगले 8 साल में 10 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है भारतीय अर्थव्यवस्था, हर डेढ़ साल में इकोनॉमी बढ़ेगी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

वर्ल्ड बैंक से लेकर आइएमएफ और दुनिया की तमाम ब्रोकरेज फर्म्स, रेटिंग एजेंसीज भारत की इकोनॉमी पर भरोसा जता रही हैं। डेलॉयट ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। वहीं आइडीबीआइ कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अगले 8 वर्षों यानी 2032 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। देश वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर औद्योगिक उत्पादन (आइआइपी) के मामले में अमरीका, चीन, जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया को भी पीछे छोड़ देगा। रिपोर्ट में भारत की बढ़ती निर्यात क्षमता को लेकर अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2030 तक देश का एक्सपोर्ट जीडीपी का 25त्न होगा और 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारत की मैन्युफैक्चरिंग-एक्सपोर्ट ग्रोथ कई वजहों से होगी। लोगों की बढ़ती डिस्पोजेबल आय से घरेलू मांग बढ़ेगी, सप्लाई चेन ग्लोबल बनेगा, जिससे देश की निर्यात क्षमता बढ़ेगी। पब्लिक व प्राइवेट कैपिटल एक्सपेंडिचर, अनुकूल डेमोग्रोफिक डिविडेंड का लाभ मिलेगा। डेलॉयट कंसल्टिंग फर्म डेलॉयट ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में खुदर महंगाई बढ़ने की दर काफी हद तक नियंत्रण में है। ग्रामीण मांग में वृद्धि हुई है

# आर्थराइटिस के कारण 8 साल तक व्हीलचेयर पर रहे थे संग्राम

## ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में पहला पदक

**नई दिल्ली. एजेंसी**

आर्थराइटिस की बीमारी से पीड़ित संग्राम सिंह को आठ साल की उम्र तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा। लेकिन हालात से समझौता करने के बजाय संग्राम अपने सैनिक पिता उम्मेद सिंह की मदद से अपने पैरों पर खड़े होने में सफल रहे और पेशेवर कुश्ती में अपनी खास पहचान बनाई। संग्राम ने जॉर्जिया के त्बिलिसी में संपन्न गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपने पहले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) मुकाबले में जीत दर्ज की और इसके साथ ही वे यह उपलिब्ध हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए हैं। उन्होंने एक मिनट 30 सेकंड में पाकिस्तान के अली रजा नासिर को हराया। संग्राम ने 1999 में दिल्ली पुलिस में भर्ती होने के बाद अपने कुश्ती करियर की शुरुआत की थी। 2005 में उन्होंने ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में अपना पहला पदक जीता था। संग्राम कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियनशिप में खिताब जीतने के साथ ही पेशेवर कुश्ती में अपनी खास पहचान बनाने में सफल रहे। उन्होंने 2015 और 2016 में लगातार दो खिताब जीते। संग्राम सिंह समाज सेवा भी करते हैं, वे कई संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वहीं मोटिवेशनल कोच की भूमिका भी निभाते हैं। वे अपने जीवन से जुड़े किस्सों से स्कूल व कॉलेज में युवाओं को प्रेरित करते हैं। संग्राम फिट इंडिया आइकन के रूप में भी काम करते हैं। इसके अलावा वे विकसित भारत और स्वच्छ भारत जैसे अभियानों के ब्रांड एंबेसडर



### मोटिवेशनल कोच भी हैं संग्राम

संग्राम सिंह समाज सेवा भी करते हैं, वे कई संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वहीं मोटिवेशनल कोच की भूमिका भी निभाते हैं। वे अपने जीवन से जुड़े किस्सों से स्कूल व कॉलेज में युवाओं को प्रेरित करते हैं। संग्राम फिट इंडिया आइकन के रूप में भी काम करते हैं। इसके अलावा वे विकसित भारत और स्वच्छ भारत जैसे अभियानों के ब्रांड एंबेसडर भी हैं जो भारत के युवाओं के लिए एक रोल मॉडल के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत करता है। संग्राम खेल के साथ-साथ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कई रिएलिटी शोज में हाथ आजमा चुके हैं। वे बिग बॉस-7 और नच बलिए-7 जैसे शोज में काम कर चुके हैं। इसके अलावा भी टीवी व फिल्मों में उन्होंने कई किरदार निभाए हैं।

### बुंदेसलीगा: हैरी केन ने जादोन सांचो को पीछे छोड़ा

# बायर्न म्यूनिख के लिए 41 गोल दागे, पहले इंग्लिश फुटबॉलर बने

**ब्रेमेन (जर्मनी). एजेंसी**



इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा में अपने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखा। हैरी ने बुंदेसलीगा मैच में बायर्न म्यूनिख की ओर से अपना 41वां गोल दागा और इसके साथ ही वे जर्मन लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश फुटबॉलर बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में जादोन सांचो को पीछे छोड़ा, जिन्होंने बोरुसिया डोर्टमंड के लिए 40 गोल दागे हैं।

### 41 गोल किए हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की ओर से अब तक

घरेलू लीग के शनिवार देर रात खेले गए मैच में बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन को उसके घरेलू मैदान पर 5-0 से शिकस्त दी। बायर्न म्यूनिख की ओर से माइकल ओलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वें व 60वें, जमाल मुसियाला ने 32वें, हैरी ने 57वें और गेनाब्री ने 65वें मिनट में गोल दागे।



### कोरिया ओपन फाइनल

# ब्रिटिज हद्दाद मैया ने जीता खिताब

**सियोल . दोपहर मेट्रो**

ब्राजील की ब्रिटिज हद्दाद मैया ने कोरिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। हद्दाद मैया ने रविवार को खेले गए फाइनल में रूस की डारिया कसात्किना को 1-6, 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। पहला सेट हारने के बाद हद्दाद मैया ने गजब की वापसी की और लगातार दो सेट जीतते हुए खिताब जीत लिया।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# टाइगर श्रॉफ के हाथ लगे कई बड़े प्रोजेक्ट! क्या हटा पाएंगे फ्लॉप फिल्मों का ग्रहण?

बॉलीवुड के पसंदीदा अभिनेता हैं टाइगर श्रॉफ। टाइगर कई सालों से कोई भी हिट फिल्म नहीं दे पाए हैं। बड़े मियां छोटे मियां, गणपत और हीरोपंती 2 यह सभी फ्लॉप रहीं, लेकिन अब टाइगर के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है कि उनके पास कई आगामी बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनके जरिए वह अपनी फ्लॉप इमेज को सुधार कर सकते हैं। इस साल टाइगर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई, लेकिन अफसोस की बात यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं सकी। अब प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों पर अपनी नजरे बनाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टाइगर श्रॉफ बागी फ्रेंजाइजी की चौथी किस्त बागी 4 के साथ धांसू एंट्री करने वाले हैं। यह हमेशा की तरह ही एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म की शूटिंग इस साल नवंबर में शुरू होगी। बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने निर्देशक हर्ष करेंगे। निर्देशक रोहित शेट्टी की आगामी कॉप यूनिवर्स की सिंघम की तीसरी किस्त सिंघम अगेन में टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। इस फिल्म में टाइगर सत्या के किरदार में धमाल मचाते नजर आएंगे। इस फिल्म में टाइगर के अलावा रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, अजय देवगन और करीना कपूर नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल दीवाली पर रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्क्रू ढीला नाम की फिल्म में टाइगर श्रॉफ नजर आ सकते हैं। इस फिल्म की अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मिशन ईगल नाम की फिल्म में भी टाइगर का जलवा देखने को मिल सकता है। इस फिल्म की भी अभितक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अफवाहों के अनुसार इस फिल्म में टाइगर एक अलग अंदाज में नजर आएंगे।




# वीडियो : जान्हवी कपूर ने बनाया जीरो कैलोरी पास्ता



अभिनेत्री जान्हवी कपूर अपनी बातों, फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। जान्हवी ने अब अभिनेता रोहित सराफ के लिए जीरो कैलोरी पास्ता बनाया है, जिसका वीडियो रोहित ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म देवरा पार्ट 1 में नजर आ रही हैं। जान्हवी कपूर अक्सर फिल्मों, बयानों, निजी जिंदगी और लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अभिनेत्री अब सोशल मीडिया पर अपने एक वीडियो के कारण चर्चा में आ गई हैं। इस वीडियो में जान्हवी अभिनेता रोहित सराफ के लिए जीरो कैलोरी नाश्ता बनाती नजर आ रही हैं। ये वीडियो रोहित सराफ ने शेयर किया है, आइए आपको बताते हैं जान्हवी के लिए क्या बोले रोहित सराफ। जान्हवी कपूर रोहित सराफ के शेयर किए वीडियो में पास्ता बनाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो देखा जा सकता है कैसे जान्हवी पास्ता में डाले जाने वाली सामग्री को पका रही हैं। जान्हवी ने इस दौरान ढीली सी सफेद टी-शर्ट और पीले रंग का पायजामा पहना था। वीडियो में जान्हवी कुकिंग के दौरान पूरी तरह से मगन होकर काम करती नजर आ रही हैं।

# खुशी कपूर के साथ फिल्म करने पर जुनैद खान ने जताया उत्साह, बोले- हम कई मायनों में एक जैसे





अभिनेता जुनैद खान ने हाल ही में खुशी कपूर और साई पल्लवी के साथ एक नई फिल्म साइन की है। अब मीडिया को दिए एक बयान में उन्होंने दोनों महिलाओं के साथ काम करने के बारे में बात की और बताया कि वह इस नए प्रोजेक्ट को लेकर कितने उत्साहित हैं। इस साल की शुरुआत में नेटफिलक्स फिल्म महाराज से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले जुनैद ने मीडिया को बताया कि वह और खुशी एक से ज्यादा वजहों से एक जैसे हैं। अभिनेता ने खुशी की समय की पाबंदी की सराहना की। उन्होंने कहा, खुशी और मैं कई मायनों में एक जैसे हैं। हम दोनों ही अंतर्मुखी हैं। वह एक प्यारी इंसान हैं। हमेशा समय पर रहती हैं। साई पल्लवी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, वह एक शानदार कलाकार हैं, मैं अब तक जितने भी कलाकारों से मिला हूं, उनमें से वह सबसे स्वाभाविक कलाकारों में से एक हैं। उनसे मेरी सबसे बड़ी सीख यह है कि कलाकार के तौर पर हम दोनों बहुत अलग हैं। हमारे पास सामग्री को देखने का तरीका बहुत अलग है। वह बहुत स्वाभाविक हैं। नई फिल्म की घोषणा इस महीने की शुरुआत में की गई थी। फैंटम स्टूडियो और एजीएस एंटरटेनमेंट ने डिजिटल युग में प्यार के बारे में अपनी आगामी फिल्म का अनावरण करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया। साझा किए पोस्टर में लिखा था, फैंटम स्टूडियो और एजीएस एंटरटेनमेंट ने खुशी कपूर और जुनैद खान के साथ प्यार, पसंद और बीच की हर चीज के बारे में हमारी फिल्म की नाटकीय रिलीज की घोषणा की है। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन करेंगे। जुनैद और खुशी दोनों के लिए यह पहली बॉलीवुड फिल्म होगी, जो पहले अपने-अपने नेटफिलक्स शो में नजर आ चुके हैं। इस बीच साई पल्लवी फिलहाल रणबीर कपूर के साथ नितेश तिवारी की रामायण की शूटिंग में व्यस्त हैं।

# आग से झुलसकर 85 साल की बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** गोविंदपुरा थानाक्षेत्र स्थित गौतम नगर में 85 साल की बुजुर्ग महिला दीपक से झुलस गई। उनका एक महीने से निजी



अस्पताल में इलाज चल रहा था। उम्रदराज होने के कारण उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका। बीते रात उनकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजन को सौंप दिया है। परिजन ने गुजारिश की थी कि पीएम नहीं कराया जाए। पुलिस ने बिना पीएम के ही शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गौतम नगर निवासी प्रभा (85) एक महीने पहले घर में पूजा करते समय दीपक से झुलस गईथी। परिजन ने बताया कि दीपक की आग उनकी साड़ी के पल्ले में लग गईथी। किसी तरह आग बुझाने के बाद परिजन उन्हें निजी अस्पताल अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां उनका इलाज चल रहा था। करीब एक महीने चले इलाज के बाद सोमवार रात उनकी मौत हो गई।

# टॉयलेट क्लीनर पीने से नव विवाहिता की मौत



**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित इमलिया गांव में टायलेट क्लीनर पीने से नव विवाहिता की मौत हो गई। उसने अपने बयान में बताया कि धोखे में टायलेट क्लीनर पिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार ऊषा राजपूत पति देवेंद्र राजपूत (22) इमलिया में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति देवेंद्र राजपूत प्राइवेट काम करता है। देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि सानेरा गांव, रायसेन निवासी ऊषा राजपूत से तीन साल पहले शादी हुईथी। गत 20 नवंबर को ऊषा घर के कामकाज संभाल रही थी। इसी दौरान उसने पानी समझकर घर में रखा टायलेट क्लीनर पी लिया। टायलेट क्लीनर पीने से उसकी तबीयत बिगड़ गईथी। पति उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचा, वहां उसका इलाज चल रहा था। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऊषा के बयान दर्ज किएथे। बयान में भी उसने धोखे में टायलेट क्लीनर पीने की बात स्वीकारी थी। सोमवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# युवक ने टीनशेड पर दुपट्टे से लगाई फांसी



**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित अन्ना नगर में एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है। सीडीआर निकाली जा रही है। प्रधान आरक्षक संतोष मालवीय ने बताया कि रोहन मोरे पिता भगवान मोरे (19) अन्ना नगर में रहता था। वह प्राइवेट काम करता था। परिवार में माता-पिता और दादा-दादी है, जबकि एक बहन थी उसकी शादी हो चुकी है । और वह अपने परिवार के साथ रहती है। परिजन ने बताया कि रविवार शाम करीब साढ़े 7 बजे रोहन ने अपने कमरे में टीनशेड पर लगे पाइप पर दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही उसे फंदे से उतारकर एम्स ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

## महिला यात्री का सवा लाख का सामान चोरी

# ट्रेन के पायदान पर खड़े मुसाफिर के हाथ पर डंडा मारकर लूटा मोबाइल

### ट्रेन की धीमी गति होते ही हुईं दोनों घटनाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन के गेट पर खेड़े होकर यात्रा कर रहे एक मुसाफिर का मोबाइल पटरी किनारे खड़े लड़के ने हाथ पर डंडा मारकर लूट लिया। घटना बरखेड़ी रेलवे फाटक के पास की है। घटना के फौरन बाद मुसाफिर ने चेन पुलिंग कर लड़के की तलाश की लेकिन वह फरार हो चुका था। थाना जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीआरपी के अनुसार मूलरूप से नर्मदापुरम निवासी मोहित मालवीय विगत पांच दिसंबर को भोपाल से सोहागपुर जाने के लिए अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन के कोच एस-3 में जनरल टिकिट से यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वह कान में एयरवर्ड लगाकर और हाथ में मोबाइल रखकर कोच के गेट पर खड़े होकर बात कर रहे थे।

उसी समय पटरी किनारे खड़े एक लड़के ने डंडा मारकर मोबाइल नीचे गिराया और नीचे पड़ा मोबाइल उठाकर फरार हो गया। फरियादी मोहित ने फौरन चेन पुलिंग कर दी, जिससे ट्रेन खड़ी हो गई।

ट्रेन के रुकते ही मोहित नीचे उतरकर बरखेड़ी फाटक के पास उस जगह पहुंचा,



जहां लड़के ने डंडा मारकर मोबाइल गिराया था। लेकिन लड़का वहां नहीं मिला। अगले दिन 6 दिसंबर को फरियादी ने थाना जीआरपी रानी कमलापति जाकर मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विगत 8 दिसंबर को डायरी थाना जीआरपी भोपाल भेजी गई है। जीआरपी भोपाल ने असल पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मोबाइल की कीमत 11 हजार रुपए बताई गई है।

### हनुमान मंदिर प्रांगण से सामान चोरी

इधर, हबीबगंज थानाक्षेत्र स्थित पांच नंबर स्टाफ के हनुमान मंदिर से अज्ञात बदमाश साउंड, एम्पीफायर, म्युजिक सिस्टम वह अन्य सामान चुराकर ले गए। बदमाश यहां से करीब पचास हजार रुपए का सामान चुराकर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विवेक तिवारी ने शिकायत करते हुए बताया कि पांच नंबर स्टाफ पर हनुमान मंदिर है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने प्रांगण से सामान चुरा लिया। सोमवार को उन्होंने मंदिर समिति के लोगों की मदद से चोरी की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को शिकायत की।

### महिला यात्री का सवा लाख का सामान चोरी

जीआरपी भोपाल के मुताबिक न्यू मिनाल रेसीडेंसी निवासी आकांक्षा शर्मा विगत सात दिसंबर को सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के कोच बी-2 में वेरावल से भोपाल की यात्रा कर रही थीं। रेलवे स्टेशन भोपाल आने से पहले ट्रेन स्लो हो गई। उन्होंने भोपाल स्टेशन पर उतरने के लिए अपने ट्राली बैग गेट के पास रख दिए। ट्राली बैग गेट के पास रखने के बाद वह अपना लैपटॉप लेने बर्थ पर चली गईं। लौटकर देखा तो कोच के गेट के पास रखे दोनों ट्राली बैग गायब थे। एक ट्राली बैग में करीब 30 हजार रुपए का सामान रखा था जबिकि दूसरे ट्राली बैग में जेवर व कीमती घड़ियां समेत करीब 97 हजार का सामान रखा था। दोनों ट्राली बैग में रखे सामान की कुल कीमत सवा लाख रुपए बताई जा रही है। थाना जीआरपी भोपाल ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तालाब में डूबकर दस साल के बच्चे की हुई दर्दनाक मौत

### अपने दो दोस्तों के साथ खेलने के लिए निकला था बॉबी, गहरे पानी में डूबा, दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौंरी बंगला इलाके नगर निगम की निर्माणाधीन मल्टी के पास बने तालाब में डूबने से दस साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसा सोमवार शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास का है। हादसे के समय बच्चा अपने दो दोस्तों के साथ यहां खेलने पहुंचा था, तभी पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे का शव बाहर निकाल लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है।

पुलिस के अनुसार बॉबी पिता विजय (10) शनि मंदिर के पास भौंरी में रहता था और कक्षा चौथी में पढ़ता था। सोमवार शाम करीब साढ़े 5 बजे वह मोहल्ले के दो दोस्तों के साथ खेल रहा था। तीनों दोस्त



खेलते खेलते नगर निगम की बन रही मल्टी के पास पहुंच गए। मल्टी से कुछ दूरी पर ही तालाब है।

खेलते समय बॉबी तालाब में गिर गया। तालाब में करीब चालीस फीट पानी है। बॉबी के दोस्तों ने मोहल्ले में आकर बॉबी के तालाब में गिरने की जानकारी दी थी। परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन पानी गहरा होने के कारण वह कुछ नहीं कर सके। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और गोताखोरों को बुलाया गया। पानी गहरा होने के कारण बॉबी की तलाश करने में गोताखोरों भी समस्या का सामना करना पड़ा। पुलिस ने एसडीईआरएफ को सूचना दी थी। हालांकि इससे पहले ही शाम करीब सवा 7 बजे गोताखोरों ने बॉबी को बाहर निकाल लिया।

### निजी अस्पताल लेकर पहुंची पुलिस

एसआई संतराम खन्ना ने बताया कि बॉबी के तालाब में डूबने से मां और पिता गहरे सदमें है। दो घंटे बाद तालाब से बॉबी को निकाला गया, लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं थे कि वह अब इस दुनिया में नहीं रहा। पुलिस डायल 100 की मदद से बॉबी को लेकर निजी अस्पताल पहुंची थी। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद परिजन को बताया। इसके बाद हमीदिया अस्पताल में बॉबी का शव रखा गया। बुधवार को बॉबी का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। दुखी परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।

# गीतांजलि कॉलेज की छात्रा का मोबाइल झपटा



### पिता से कर रही थी बात, बाइक सवारों ने मारा हाथ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित गीतांजलि कॉलेज रोड पर सोमवार शाम मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश एमएससी की छात्र का मोबाइल झपटकर फरार हो गए। कॉलेज से छुट्टी होने के बाद पिता का कॉल आने पर वह बात करती हुई जा रही थी। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक चौपड़ा कला, सूखी सेवनिया निवासी मनीषा कुशवाह पुत्री लखनलाल कुशवाह (22) गीतांजलि कॉलेज में एमएससी की छात्रा है।

सोमवार शाम करीब चार बजे छुट्टी होने पर वह कॉलेज से बाहर निकली थी। कुछ दूर चलते ही पिता का कॉल आ गया। मनीषा मोबाइल पर अपने पिता से बात करती हुई मेन रोड पर पैदल जा रही थी।

तभी अचानक सामने से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो लडक़े छात्रा के हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि अचानक हुए घटनाक्रम के चलते छात्रा गाड़ी का नंबर नहीं देख सकी।

पीड़िता का कहना है कि लुटेरे 17-18 साल की उम्र के लग रहे थे। आरोपियों की खोजबीन के लिए पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों केफुटेज खंगाल रही है।

**मेट्रो एंकर** जीएसटी विभाग में पदस्थ है आरोपी बेटा, 65 लाख रुपए के गबन का आरोप

# पिता की मौत के बाद मां की एफडी से बेटे ने निकाले रुपए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित नीरजा नगर फेस टू में रहने वाली डॉक्टर की बुजुर्ग पत्नी से 65 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी की वारदात किसी और ने नहीं बल्कि उनके सगे बेटे ने की है। बेटे पर आरोप है कि पिता की मौत के बाद उसने मां की एफडी और पेंशन खाते से छलपूर्वक पैसे निकाले हैं। इसके अलावा उनकी जमीन भी उन्हें बिना बताए बेच दी। वर्ष 2020 में उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। कोर्ट के आदेश के बाद पिपलानी पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के अनुसार रंजना भसीन पति स्वर्गीय डॉक्टर बृजमोहन भसीन (71) नीरजा नगर, फेस टू पिपलानी में रहती हैं। उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवाद में उन्होंने बताया




कि उनके पति बृजमोहन भसीन शासकीय अस्पताल में डॉक्टर थे। वर्ष 2018 में उनका निधन हो गए। उनके दो बेटे थे। एक बेटे का भी निधन हो चुका है। परिवार में वे और उनका बेटा अंकित भसीन ही बचे हैं। अंकित जीएसटी में नौकरी करता है और उसकी इन दिनों सीहोर में पोस्टिंग है। अंकित पर आरोप हैकि पिता और भाई की मौत के बाद हिसाब खिताब अंकित के हाथ में था। अंकित ने एटीएम के माध्यम से उनके पेंशन के रुपए और एफडी भी निकाल ली। इसके अलावा डॉक्टर भसीन की जमीन भी अंकित ने बेच दी।

जमीन बेचने के बाद उन्हें पता चला कि उनके साथ बेटा अंकित ही धोखाधड़ी कर रहा है। वे अंकित की शिकायत लेकर थाने पहुंची थी, लेकिन पारीवारिक मामला होने के कारण पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया। बाद में रंजना भसीन ने कोर्ट में परिवाद दायर किया। परिवाद के बाद कोर्ट ने पिपलानी पुलिस को एफआईआर के आदेश दिएथे। पुलिस ने आदेश के बाद धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022